COLGATE-PALMOLIVE

आचार संहिता

हमारी मान्यताओं के अनुसार जीना

देखभाल | वैश्विक टीमवर्क | निरंतर सुधार

हमारे अध्यक्ष और सीईओ की ओर से एक संदेश

नैतिक व्यवहार, जो लम्बे समय से हमारी सफलता की नींव रहा है, इससे ज्यादा महत्वपूर्ण कभी नहीं रहा। देखभाल, वैश्विक टीमवर्क और निरंतर सुधार के हमारी मान्यताओं के साथ, सत्यनिष्ठा के लिए कोलगेट की प्रतिष्ठा हमारी शक्ति और प्रतिस्पर्धी लाभ का स्रोत रही है। आज उपभोक्ता उन उत्पादों के निर्माताओं से नैतिक व्यवहार की माँग करते हैं जिनका वे उपयोग करते हैं। खुदरा विक्रेता अपने आपूर्तिकर्ताओं से इसकी माँग करते हैं। और शेयरधारक उन कंपनियों से इसकी माँग करते हैं जिनमें वे निवेश करते हैं। इसलिए हमें इसकी स्वयं से और एक दूसरे से माँग करनी होगी।

हमारी आचार संहिता ने ऐसे सिद्धांतों के साथ 30 से अधिक वर्षों से कोलगेट के लोगों का मार्गदर्शन किया है जो हमारी मान्यताओं को दर्शाते हैं और जो हमारे नैतिक व्यवहार के लिए मानक स्थापित करते हैं। जबकि हमारी मान्यताएं और सिद्धांत चिरस्थायी हैं, वहीं संहिता को नियमित रूप से नवीनतम रूप दिया जाता है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह हमारे व्यवसाय के बदलते हुए संदर्भ पर ध्यान दे। कोलगेट में काम करने वाले लोगों के रूप में हमारा कार्य, चाहे हम विश्व में कहीं भी काम करते हों, यह सुनिश्चित करना है कि हमारे व्यवहार और निर्णय हमेशा हमारी संहिता के अनुरूप हों।

कोलगेट परिवार के सदस्य के रूप में, यह महत्वपूर्ण है कि आप हमारी संहिता को पढ़ें, समझें और इसका पूरी तरह पालन करें। यह इसे सुनिश्चित करने के लिए हैं कि कार्यस्थल में हमारे निर्णय - या हमारे कार्यस्थल को प्रभावित करने वाले निजी निर्णय - सत्यनिष्ठा और उच्चतम नैतिक मानकों के साथ काम करने के हमारे उत्तरदायित्व द्वारा निर्देशित हों। और कोलगेट में काम करने वाले लोगों से “बात करने”, ऐसे व्यवहार को चुनौती देने की अपेक्षा की जाती है जो हमारी संहिता, हमारी नीतियों या लागू कानूनों से टकराता है।

कोलगेट में काम करने वाले लोग अपने व्यापारिक परिणामों पर बेहद गर्व महसूस करते हैं और यह जानते हैं कि ये मायने रखते हैं। लेकिन वह तरीका भी मायने रखता है जिस तरीके से हम उन परिणामों को हासिल करते हैं।

हमारी कंपनी, हमारी मान्यताओं और हमारे उस नैतिक व्यवहार के प्रति आपकी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए अग्रिम रूप से धन्यवाद जो हमारी निरंतर व्यापारिक सफलता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

नोएल वालेस (Noel Wallace)
अध्यक्ष और सीईओ

विषय-सूची

- आचार संहिता के बारे में 4
- नैतिक निर्णय लेने संबंधी प्रश्न 5

हमारी मान्यताएं और उत्तरदायित्व

- हमारी मान्यताओं के अनुसार जीना 7
- सम्मान के साथ प्रबंध करना 8
- आचार संहिता के लिए हमारा उत्तरदायित्व 9

हमारे संबंध

- एक दूसरे के साथ हमारे संबंध 12
- कंपनी के साथ हमारे संबंध 15
- हमारे निदेशक मंडल से हमारे संबंध 24
- बाहरी व्यापारिक संस्थाओं के साथ हमारे संबंध 25
- उपभोक्ताओं के साथ हमारे संबंध 28
- सरकार और कानून के साथ हमारे संबंध 30
- समाज के साथ हमारे संबंध 37
- पर्यावरण के साथ हमारे संबंध 39
- शेयरधारकों के साथ हमारे संबंध 41
- अनुपालन के लिये हमारी जिम्मेदारी 42

बात करें

- हम सरोकारों की रिपोर्ट करने के लिये बात करते हैं 44

आचार संहिता के बारे में

हमारी कोलगेट आचार संहिता यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में काम करती है कि हमारे दैनिक व्यापार संबंधी कार्यकलाप सत्यनिष्ठा के साथ पूरे किए जाएं। संहिता साफ तौर पर हममें से प्रत्येक को वह तरीका बताती है जिस तरह से हमें अपने व्यापारिक परिणाम हासिल करने चाहिए। संहिता कंपनी और इसकी सहयोगी कंपनियों के निदेशकों, अधिकारियों और सभी कर्मचारियों सहित कोलगेट में काम करने वाले सभी लोगों पर लागू होती है। विक्रेता और आपूर्तिकर्ता भी ऐसी अपेक्षाओं के अधीन हैं क्योंकि कोलगेट तृतीय पक्ष आचार संहिता का पालन करना कोलगेट के साथ व्यापार करने की शर्त है।

प्रत्येक कर्मचारी संहिता, व्यापार रीतियों संबंधी दिशा-निर्देश, कंपनी की नीतियों और सभी लागू कानूनों का पालन करने के लिये सत्यनिष्ठा और नेतृत्व दर्शाने हेतु जिम्मेदार है। अपने जारी व्यापार संबंधों में और निर्णय लेने में नैतिकता और सत्यनिष्ठा को पूरी तरह से शामिल करके, हम ऐसी संस्कृति के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हैं जो उच्चतम नैतिक मानकों को बढ़ावा देती है।

यदि इस संहिता या किसी संबंधित कोलगेट नीति या प्रक्रिया की व्याख्या करने या उसका पालन करने के बारे में आपके कोई प्रश्न या सरोकार हैं तो आपको इस स्थिति पर अपने प्रबंधक, मानव संसाधन, वैश्विक कानूनी संगठन या वैश्विक आचारनीति और अनुपालन से चर्चा करनी चाहिए।

उच्चतम नैतिक मानक बनाये रखना और अनुचित या गैरकानूनी व्यवहार से मुक्त ऐसे कार्यस्थल का सृजन करना कोलगेट की नीति और रीति है जिसमें लोगों को अपने सरोकारों को बदले की कार्रवाई के भय के बिना कंपनी के साथ साझा करने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है। परिणामस्वरूप, कोलगेट में, कंपनी की आचार संहिता, कंपनी की नीति या लागू कानून के संदिग्ध उल्लंघन की शिकायत करने वाले, रिपोर्ट करने वाले, उसमें भाग लेने वाले या सहयोग करने वाले किसी कर्मचारी, पूर्व कर्मचारी, एजेंट या तृतीय पक्ष के प्रति तब तक कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाएगी जब तक यह न पाया जाए कि लगाया गया आरोप या प्रदान की गई जानकारी जानबूझकर गलत दी गई थी या ऐसा आरोप सद्भावना से नहीं लगाया गया या जानकारी सद्भावना से प्रदान नहीं की गई थी। अधिकतम संभव सीमा तक, कोलगेट द्वारा सभी शिकायतों की गोपनीयता बनाये रखी जाएगी। प्रतिशोध की सभी शिकायतों की जाँच की जाएगी, और यदि उचित होगा, तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें नौकरी से बर्खास्तगी तक शामिल हो सकती है।

यह संहिता ऑनलाइन उपलब्ध है और इसका चालीस भाषाओं में अनुवाद किया गया है। कोलगेट में काम करने वाले लोगों से इस संहिता को पढ़ने, समझने और पालन करने की अपेक्षा की जाती है। हमारी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करने के लिये, कोलगेट में काम करने वाले लोग संहिता का सतत प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं और वार्षिक आधार पर संहिता का अनुपालन प्रमाणित करते हैं।

जब प्रश्न उठे तो अच्छे निर्णय का उपयोग करके और मार्गदर्शन लेकर इस संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करना आसान है। यदि आप किसी विशिष्ट कार्रवाई के बारे में आश्वस्त नहीं हैं तो अपने आप से यह पूछिए:

नैतिक निर्णय लेने संबंधी प्रश्न

प्रश्न:
क्या मैं यह करने के लिये अधिकृत हूँ?

प्रश्न:
क्या मैं उदाहरण स्थापित कर रहा/रही हूँ?

प्रश्न:
क्या यह कार्रवाई करना सही है?

प्रश्न:
क्या कार्रवाई कानूनी है और हमारी मान्यताओं, संहिता, हमारी व्यापारिक रीतियों संबंधी दिशा-निर्देशों और अन्य नीतियों के अनुकूल है?

प्रश्न:
क्या मुझे इस कार्रवाई के बारे में किसी ऐसे व्यक्ति को रिपोर्ट करने में गर्व होगा जिसका मैं सम्मान करता/करती हूँ?

प्रश्न:
क्या इस कार्य से नैतिक कंपनी के रूप में कोलगेट की प्रतिष्ठा में और वृद्धि होगी?

प्रश्न:
क्या मैं उच्चतम नैतिक मानक प्रदर्शित कर रहा/रही हूँ?

उत्तर:

हाँ, आगे बढ़ें।

नहीं, कृपया वैश्विक कानूनी संगठन (Global Legal Organization) या वैश्विक आचारनीति और अनुपालन विभाग से परामर्श करें।

हमारी मान्यताएं और उत्तरदायित्व

हमारी मान्यताओं के अनुसार जीना

देखभाल, वैश्विक टीमवर्क और निरंतर सुधार की कोलगेट की हमारी मान्यताओं के साथ जीते हुए, हम एक ऐसी संस्कृति बनाते हैं जिसमें लोग एक टीम के रूप में, और एक जैसे लक्ष्यों की ओर एक साथ मिलकर काम करते हैं। कोलगेट की तीन बुनियादी मान्यताएँ हमारे द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों का हिस्सा हैं।

देखभाल

कंपनी निम्नलिखित लोगों का ध्यान रखती है: कोलगेट में काम करने वाले लोग, ग्राहक, उपभोक्ता, शेयरधारक और व्यापारिक भागीदार। हमारी कंपनी अन्य लोगों की बातें सम्मानपूर्वक सुनने और विचारों में अंतर को महत्व देने के लिये, सभी स्थितियों में संवेदना, सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और उच्चतम नैतिक मानकों के साथ काम करने के लिये प्रतिबद्ध है। कंपनी वैश्विक पर्यावरण रक्षा हेतु, कोलगेट से संबंधित लोगों के रहने व काम करने की जगहों के समुदायों की बेहतरी हेतु और सभी कानूनों और विनियमों का अनुपालन करने के लिये भी प्रतिबद्ध है।

वैश्विक टीमवर्क

कोलगेट के सभी लोग एक वैश्विक टीम का हिस्सा हैं, जो दुनिया भर के देशों में मिलकर काम करने के लिये प्रतिबद्ध हैं। केवल विचारों, प्रौद्योगिकी और प्रतिभाओं को साझा करके ही कंपनी लाभ में वृद्धि को हासिल कर सकती है और बनाये रख सकती है।

निरंतर सुधार

कोलगेट व्यक्तियों और टीमों के रूप में जो कुछ भी करती है, प्रतिदिन उसमें बेहतरी लाने के लिये प्रतिबद्ध है। हमारी कंपनी उपभोक्ताओं और ग्राहकों की उम्मीदों को बेहतर रूप से समझने और लगातार कुछ नया करने तथा उत्पादों, सेवाओं और प्रक्रियाओं में सुधार करने पर काम करने से सफल होगी।

सम्मान के साथ प्रबंध करना

सम्मान के साथ प्रबंध करना वह तरीका है जिससे कोलगेट में काम करने वाले लोग कंपनी के मूल्य अपने कार्यों में शामिल करते हैं।

यह ऐसा माहौल पैदा करता है जहाँ लोग सुझाव देने, विचार साझा करने और संगठन में योगदान करने के लिये स्वतंत्र महसूस करें।

सम्मान के साथ प्रबंध करना ऐसे वातावरण को दर्शाता है जहाँ लोग वास्तविक रूप से एक दूसरे की देखभाल करते हैं और अपने पूरे सामर्थ्य तक पहुँचने के लिये एक दूसरे के साथ मिलकर भली-भाँति काम करते हैं।

सम्मान के साथ प्रबंध करने के निम्नलिखित सिद्धांत हैं:

1. कारगर रूप से संवाद करना
2. प्रतिक्रिया देना और माँगना
3. विशिष्ट योगदान को महत्व देना
4. टीमवर्क को बढ़ावा देना
5. उदाहरण प्रस्तुत करना

आचार संहिता के लिए हमारा उत्तरदायित्व

कोलगेट में काम करने वाले सभी लोगों की भूमिका:

- कोलगेट की मान्यताओं को निभाएं और हमारी उस सुदृढ़ संस्कृति को बनाए रखने के लिए सिद्धांतों का सम्मान के साथ प्रबंधन करें जो सत्यनिष्ठा, नैतिक व्यवहार और सही काम करने की वचनबद्धता पर आधारित है।
- उच्चतम नैतिक मानकों को बनाये रखें और नैतिक नेतृत्व प्रदर्शित करें।
- अपने कार्य वातावरण को समझें; कोलगेट नीतियों और आचार संहिता का पालन करें।
- स्वयं को और अपने सहयोगियों को नैतिक व्यवहार के प्रति जवाबदेह रखें।
- अपनी बात सामने रखकर नैतिक व्यवहार को बढ़ावा दें। उस व्यवहार को चुनौती दें जिसका कोलगेट नीतियों या आचार संहिता से टकराव हो।
- यदि आप अनिश्चित हैं, तो प्रश्न पूछें और अपने प्रबंधक, मानव संसाधन, वैश्विक कानूनी संगठन, आचारनीति और अनुपालन या किसी भी ऐसे व्यक्ति/विभाग से परामर्श करें जो भली-भाँति सलाह दे सकता हो।

याद रखें: आपका नैतिक नेतृत्व सत्यनिष्ठा के लिए कंपनी की ख्याति को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

कोलगेट में काम करने वाले सभी लोगों के प्रबंधकों की भूमिका:

हम उदाहरण स्थापित करते हुए और निर्णय लेने की बढ़िया क्षमता प्रदर्शित करते हुए ज़िम्मेदारी से नेतृत्व करने के लिए कोलगेट में काम करने वाले लोगों के प्रबंधकों की ओर देखते हैं। कोलगेट में काम करने वाले लोगों के प्रबंधकों के रूप में आपके उत्तरदायित्वों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- ऐसे सकारात्मक आदर्श व्यक्ति के रूप में कार्य करें जिसका नेतृत्व हमारी परवाह करने की संस्कृति, सम्मान के साथ प्रबंधन करने के सिद्धांतों और नैतिक व्यवहार को व्यक्त करता हो।
- नैतिक मूल्यों के महत्व और नैतिक व्यवहार के प्रति कंपनी की वचनबद्धता को दोहराएं।
- खुली सोच की नीति बनाए रखें और यह स्पष्ट रूप से व्यक्त करें कि आपके प्रत्यक्ष रूप से अधीन व्यक्ति संदिग्ध दुराचरण के बारे में सूचित करने के लिए आपके पास आ सकते हैं।
- यह निर्धारित करें कि कुछ कर्मचारी बदला लिए जाने के बारे में चिंतित हैं; कंपनी की गैर-बदला नीति की दोबारा पुष्टि करें।
- उन नैतिक ऊहापोहों का पूर्वानुमान लगाएं जो उत्तरदायित्व के आपके क्षेत्र में संभावित रूप से उत्पन्न हो सकती हैं। अपने कानों और आँखों को खुला रखें।
- यदि आप अनिश्चित हैं, तो प्रश्न पूछें और अपने प्रबंधक, मानव संसाधन, वैश्विक कानूनी संगठन, आचारनीति और अनुपालन या किसी भी ऐसे व्यक्ति/विभाग से परामर्श करें जो भली-भाँति सलाह दे सकता हो।

अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करने के लिए, कृपया **अपनी बात रखने के संबंध में प्रबंधकों के लिए दिशानिर्देश (Guidance for Managers on Speaking Up)** ऑनलाइन वीडियो देखें जो ourcolgate.com पर आचारनीति और अनुपालन वेबपृष्ठ या आचारनीति और अनुपालन ऐप पर उपलब्ध है।

उच्चतम नैतिक मानकों को बनाये रखना: सीखें, कार्रवाई करें, अपनी बात रखें





हमारे संबंध

एक दूसरे के साथ हमारे संबंध

एक दूसरे के साथ हमारे व्यवहार को हमारी मूलभूत मान्यताओं को व्यक्त करना चाहिए और यह परवाह करने, आपसी विश्वास और सम्मान पर आधारित होना चाहिए।

हम सफल कामकाजी संबंध रखने के लिये प्रयास करते हैं

कोलगेट में, हमें अपने लोगों की मज़बूत व्यक्तिगत प्रतिबद्धता और इस प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप मिलने वाली उत्कृष्ट उपलब्धियों पर गर्व है। लेकिन प्रतिबद्धता का यह स्तर केवल विश्वास, स्वतंत्र और ईमानदार संवाद और सम्मान के वातावरण में ही हासिल किया जा सकता है। अपने साथियों, अपने वरिष्ठों और अपने सुपरवाइज़रों के साथ आपके सभी व्यवहार साझेदारी के रूप में किए जाने चाहिए जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के व्यवहार सर्वोच्च नैतिक मानकों को बनाये रखने के लिये अधिभावी प्रतिबद्धता द्वारा संचालित होते हैं।

प्रत्येक व्यक्ति को अपनी ज़िम्मेदारियों को निभाना चाहिए और यह विश्वास रखना चाहिए कि दूसरे भी ऐसा ही करेंगे। इसका मतलब है, काम को पूरा करने के लिये दूसरों को आवश्यक सहायता देना।

जिन लोगों के साथ आप काम करते हैं, उनके साथ आपके संबंधों को शालीनता, निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा का उदाहरण पेश करते हुए नैतिक व्यवहार को बढ़ावा देना चाहिए। नेताओं के रूप में, हम सभी कार्य-निष्पादन के उच्च स्तर बनाये रखने और ऐसा वातावरण तैयार करने के लिये जिम्मेदार हैं जो टीमवर्क, सम्मान और नैतिक व्यवहार को बढ़ावा दे।

हम खुले और ईमानदार संवाद को बढ़ावा देते हैं

हम सृजनात्मक और अभिनव सोच को बढ़ावा देते हैं। यदि आप सुपरवाइज़र हैं, तो अपने अधीनस्थों के अनूठे योगदानों को महत्व देकर और उन्हें अपना काम करने के लिये आवश्यक स्वतंत्रता प्रदान करके मानवीय व्यवहार करें। प्रदर्शन में सुधार करने में सहायता करने के लिए मार्गदर्शन और प्रतिक्रिया प्रदान करें।

आपके सुपरवाइज़र के साथ आपका संबंध पारस्परिक विश्वास और सम्मान का होना चाहिए। आप और आपका सुपरवाइज़र एक टीम है जिसका साझा उद्देश्य कंपनी द्वारा आपकी व्यापारिक इकाई के लिये निर्धारित लक्ष्यों को ऐसे तरीके से प्राप्त करना है जो कंपनी के उच्च नैतिक मानकों और सत्यनिष्ठा के अनुरूप हो।

हम कोलगेट में काम करने वाले लोगों को अपने सबसे बड़े संसाधन के रूप में महत्व देते हैं

लोगों की देखभाल करने की कोलगेट की प्रतिबद्धता, व्यक्तिगत और टीम उपलब्धि को प्रोत्साहित करने के लिये बनाये गए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जाहिर होती है। आपको अपना पूरा सामर्थ्य प्राप्त करने के लिए प्रयास करने और कंपनी की सफलता के लिये सार्थक योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अंत में, ये दुनिया भर में कोलगेट में काम करने वाले हमारे सभी प्रतिभाशाली और कुशल लोगों के प्रयास ही हैं जो कंपनी की सफलता को संभव बनाते हैं।

कोलगेट में काम करने वाले लोग ourcolgate.com पर कंपनी की समान रोज़गार अवसर और उत्पीड़न-रोधी नीति देखकर अतिरिक्त जानकारी हासिल कर सकते हैं।

कोलगट-पामोलिव (Palmolive) कंपनी निम्नलिखित आधार पर रोज़गार के लिये किसी कर्मचारी या आवेदक के खिलाफ भेदभाव की मनाही करती है:

- प्रजाति या जातीयता
- रंग
- धर्म
- लिंग या लिंग पहचान
- राष्ट्रीय मूल
- नागरिकता
- आयु
- गर्भावस्था
- यौन झुकाव
- अशक्तता
- पूर्व सैनिक की स्थिति
- वैवाहिक या पारिवारिक स्थिति
- घरेलू हिंसा के शिकार के रूप में स्थिति
- कानून द्वारा संरक्षित कोई अन्य विशेषता

भर्ती, मज़दूरी, पदोन्नति, स्थानांतरण, मुआवज़ा, प्रशिक्षण, पदावनति, या नौकरी से निकाला जाना इसमें शामिल हैं, लेकिन इन तक ही सीमित नहीं है।

- समावेशन की मान्यता हमारी कंपनी की संस्कृति, पद्धतियों और सम्मान के साथ प्रबंधन करने के सिद्धांतों में व्यक्त होती है।

- हम मिलकर काम करने का वातावरण बनाये रखते हैं और अपने कार्यबल में सभी पृष्ठभूमि के लोगों को आकर्षित करके और बनाए रखकर उत्कृष्टता हासिल करते हैं।

- हम कार्यस्थल में या कंपनी के व्यापार का संचालन करते समय लागू कानून के अनुपालन में किसी अन्य व्यक्ति द्वारा कोलगेट में काम करने वाले लोगों के यौन उत्पीड़न या किसी भी अन्य प्रकार के उत्पीड़न का निषेध करते हैं।

- हम कंपनी की नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार कार्यस्थल में पक्षपात या पक्षपात का आभास होने की मनाही करते हैं।

- हम बाल श्रम का उपयोग नहीं करते हैं। बाल श्रम को किसी भी संबंधित अधिकार क्षेत्र में कानून द्वारा स्वीकृत न्यूनतम उम्र से कम आयु के व्यक्ति को रोज़गार देने के रूप में परिभाषित किया गया है। हालांकि, किसी भी स्थिति में हम जानबूझकर सोलह (16) साल से कम आयु के व्यक्ति को रोज़गार नहीं देते हैं।

- हम कार्यस्थल से संभावित खतरों को खत्म करने और सभी लागू व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य कानूनों और मानकों का अनुपालन करने का प्रयास करते हैं।

  - कंपनी की संपत्ति (वाहनों सहित) या कंपनी में काम करने के समय में अवैध नशीली दवाओं या नशीली दवाओं संबंधी सामग्री रखने, उपयोग करने, बेचने या हस्तांतरित करने और प्रेस्क्रिप्शन दवाओं के दुरुपयोग पर रोक लगाकर;

  - अल्कोहल या अन्य नशीली दवाओं के नशे में होने के दौरान कंपनी के व्यापार के संचालन पर रोक लगाकर;

  - यह आवश्यक करके कि कार्यस्थल पर नशीली दवाओं या शराब का सेवन, हिंसा या कंपनी की संपत्ति पर या कंपनी में काम करने के समय में अवैध हथियार रखने जैसी किसी घटना के बारे में मानव संसाधन, वैश्विक सुरक्षा, वैश्विक कानूनी संगठन, वैश्विक आचारनीति और अनुपालन या प्रबंधन को तत्काल सूचित किया जाए;

  - स्थानीय कानून के तहत, कंपनी के परिसरों में या कोलगेट का व्यापार करते समय, हथियारों/बंदूकों, विस्फोटक डिवाइसेज़ या गोला बारूद रखने या उपयोग करने पर रोक लगाकर। सुरक्षाकर्मियों के लिये हथियार रखना अधिकृत किया जा सकता है जब हथियार रखने का यह अधिकार कोलगेट में काम करने वाले लोगों और अन्य लोगों के बचाव और सुरक्षा के लिये आवश्यक निर्धारित किया जाए; और

  - किन्हीं भी ऐसे कार्यों को रोकना जो कि हिंसक, धमकी देने वाले, अपमानजनक, डराने वाले माने जा सकते हों या जिनसे कोई अन्य व्यक्ति असुरक्षित महसूस कर सकता हो।

- यदि धमकियों या हिंसा के ऐसे कार्यों के बारे में आपके सरोकार हैं जो कार्यस्थल को प्रभावित करते हैं, तो वैश्विक सुरक्षा (Global Security) से तुरंत +1 212-310-2335 पर संपर्क करें।

कंपनी के साथ हमारे संबंध

कोलगेट में काम करने वाले लोगों के रूप में, हम अपने ऊपर किए जाने वाले भरोसे और विश्वास को समझते हैं और सभी स्थितियों में निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करते हैं।

हम हितों के टकराव से बचते हैं

आपका विवेक आपकी एक सबसे मूल्यवान संपत्ति है। आपको किसी ऐसी गतिविधि या संबंध से बचना चाहिए जो कंपनी के लिये या उसके साथ व्यापार करने में आपके स्वतंत्र निर्णय की निष्पक्षता या उपयोग से टकराता हो या इन्हें खतरे में डालता हुआ प्रतीत होता हो। बहुत सी स्थितियों में टकराव पैदा हो सकता है। यहाँ सभी को शामिल कर पाना असंभव है, और हमेशा उचित तथा अनुचित गतिविधि के बीच अंतर कर पाना आसान नहीं होता। जब संदेह हो, तब कोई कार्रवाई करने से पहले अपने प्रबंधक, मानव संसाधन, वैश्विक कानूनी संगठन या वैश्विक आचारनीति और अनुपालन से परामर्श करें।

निवेश

कोई भी ऐसा निवेश न करें जो आपके व्यावसायिक निर्णयों को प्रभावित कर सकता हो। कंपनी की नीति कोलगेट में काम करने वाले लोगों को ऐसी कंपनी के बड़ी मात्रा में शेयर खरीदने या स्वामित्व हित रखने से मना करती है जो कोलगेट के साथ प्रतिस्पर्धा या व्यापार कर रही है। यह रोक सार्वजनिक कारोबारी कंपनी के शेयर की छोटी मात्रा (सामान्यत: 1% से कम) के स्वामित्व के लिये लागू नहीं होती है, बशर्ते कि निवेश वित्तीय रूप से इतना महत्वपूर्ण न हो कि वह हितों के टकराव की उपस्थिति को प्रदर्शित करता हो। यदि आपने कोलगेट में शामिल होने से पहले संभावित रूप से निषिद्ध निवेश किए हैं, तो कृपया वैश्विक कानूनी संगठन या वैश्विक आचारनीति और अनुपालन से संपर्क करें।

परिवार

आप स्वयं को ऐसी स्थिति में पा सकते हैं जिसमे आपकी पत्नी/पति या परिवार का कोई अन्य करीबी सदस्य कोलगेट का प्रतिस्पर्धी, ग्राहक या आपूर्तिकर्ता हो (या इनके यहाँ नौकरी कर रहा हो)। ऐसी स्थितियों की मनाही नहीं है, लेकिन इनके लिए सुरक्षा, गोपनीयता और हित के टकरावों के प्रति अतिरिक्त संवेदनशीलता की आवश्यकता होती है।

आपको यह जानकारी भी होनी चाहिए कि स्थिति चाहे आपको कितनी भी हानिरहित लग सकती हो, इससे आपके सहकर्मियों के बीच चिंताएं उत्पन्न हो सकती हैं जो आपके कार्य संबंधों को प्रभावित कर सकती हैं। हित के टकराव का आभास होना आपके व्यवहार की उपयुक्तता पर ध्यान दिए बिना समस्याएं उत्पन्न कर सकता है।

ऐसे मुद्दों से बचने के लिए, आपको किन्हीं सरोकारों की प्रकृति और मात्रा का आकलन करने और उपयुक्त समाधान का निर्धारण करने के लिए अपने प्रबंधक, वैश्विक कानूनी संगठन या वैश्विक आचारनीति और अनुपालन के साथ विशिष्ट स्थिति की समीक्षा करनी होगी।

अन्य कार्य

कोलगेट के लिए काम करते हुए, कोलगेट में काम करने वाले लोग किसी प्रतिस्पर्धी या हमारे तृतीय पक्ष वितरकों, ग्राहकों या आपूर्तिकर्ताओं के लिए कार्य नहीं कर सकते या उनकी सहायता नहीं कर सकते।

इसके अतिरिक्त, अपने प्रभाग के अध्यक्ष या फंक्शन प्रमुख से स्वीकृति लिये बिना कंपनी के समय, सुविधा, संसाधनों, ब्रांड या प्रतीक चिह्नों का इस्तेमाल बाहर के ऐसे कार्यों के लिये न करें जो कोलगेट में आपकी नौकरी से संबंधित नहीं हैं।

व्यक्तिगत

कोलगेट अपने यहाँ काम करने वाले लोगों के कार्यस्थल पर आने वालों के साथ मिलने-जुलने की आजादी के उनके अधिकार को मान्यता और सम्मान देती है। फिर भी, हमें यह सुनिश्चित करने के लिये उचित विवेक का उपयोग करना होगा कि इन संबंधों से:

- कार्यनिष्पादन पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े
- दूसरों का पर्यवेक्षण करने की क्षमता में बाधा न पड़े
- कार्य के वातावरण में रुकावट न पड़े
- पक्षपात की अनुभूति उत्पन्न न हो

किसी कार्यस्थल पर कर्मचारियों के बीच किसी रूमानी रिश्ते या मित्रता से उत्पन्न होने वाला कोई भी आचरण अनुचित हो सकता है यदि वह आचरण दूसरों के लिये काम करने का असहज वातावरण पैदा करता है या जिसे पक्षपातपूर्ण व्यवहार माना जा सकता है। कंपनी के सर्वोत्तम हित की बजाय पक्षपात करना या रूमानी रिश्तों या मित्रता के आधार पर व्यापारिक निर्णय लेना निषिद्ध है। रूमानी रिश्ते या मित्रता में बंधे हुए लोगों को चातुर्य, बेहतर मूल्यांकन और संवेदनशीलता का उपयोग करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, किसी सुपरवाइज़र को किसी ऐसे व्यक्ति का पर्यवेक्षण नहीं करना चाहिए जिसके साथ वह रूमानी रूप से जुड़ा/जुड़ी हो। उस स्थिति में, दोनों कर्मचारियों को इस स्थिति की जानकारी मानव संसाधन और/या वैश्विक आचारनीति और अनुपालन को देनी चाहिए।

बोर्ड

कृपया किसी लाभकारी या सरकारी एजेंसी के लिये निदेशक मंडल या उसके समान संगठन में सेवा देने पर सहमत होने से पहले मुख्य आचारनीति और अनुपालन अधिकारी (Chief Ethics and Compliance Officer) और मुख्य कानूनी अधिकारी (Chief Legal Officer) से स्वीकृति प्राप्त करें।

आपको तब तक किसी लाभ न कमाने वाले संगठन के बोर्ड में सेवा देने के लिये स्वीकृति लेने की जरूरत नहीं है जब तक उस संगठन का कंपनी से पेशेवर या कार्य संबंधी संबंध न हो, ऐसा होने पर अपने प्रभाग अध्यक्ष या फंक्शन प्रमुख से स्वीकृति प्राप्त करें।

अन्य ध्यान रखने योग्य बातें

हम सकारात्मक कार्य वातावरण को बनाए रखने का प्रयास करते हैं जो हमारी कंपनी के मान्यताओं को दर्शाता है और मज़बूत कार्य संबंधों को बढ़ावा देता है। जबकि हमारे सौदों से बाहरी पक्षों के साथ हित के टकराव पैदा हो सकते हैं, लेकिन टकरावों या टकराव के आभास कंपनी के भीतर आंतरिक बातचीत का परिणाम भी हो सकते हैं। हममें से जो लोग दूसरों का प्रबंधन करते हैं, उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिये सतर्क रहना चाहिए कि ऐसी स्थितियाँ न पैदा हों जिनसे दूसरों को लगे कि पक्षपात किया जा रहा है या हित का कोई संभावित टकराव है।

यदि आपके कोई प्रश्न हैं या आप स्वयं को हित के किसी संभावित टकराव की स्थिति में पाते हैं तो अपने प्रबंधक, मानव संसाधन, वैश्विक कानूनी संगठन या वैश्विक आचारनीति और अनुपालन से परामर्श करें। कंपनी आपके साथ स्थिति का निपटारा करने और उचित समाधान तलाशने के लिये काम करेगी।

कोलगेट में काम करने वाले लोग हित के टकरावों और उपहारों पर कंपनी के दिशा-निर्देशों को पढ़कर अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जो कंपनी की वैश्विक व्यापारिक रीतियों संबंधी दिशा-निर्देश में उपलब्ध हैं।

हम कंपनी की मालिकाना जानकारी की रक्षा करते हैं

कोलगेट की मालिकाना जानकारी एक मूल्यवान संपत्ति है। मालिकाना जानकारी कोलगेट के व्यापार के संबंध में इस्तेमाल की जाने वाली ऐसी जानकारी है जो सामान्य तौर पर ज्ञात नहीं है या जिसका आसानी से पता नहीं लगाया जा सकता और प्रतिस्पर्धी रूप से संवेदनशील है। मालिकाना जानकारी का संरक्षण निरंतर विकास और प्रतिस्पर्धा करने की योग्यता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

मालिकाना जानकारी के कुछ उदाहरण क्या हैं?

- व्यापारिक उद्देश्य या कार्यनीतियाँ
- कर्मचारी, ग्राहक या विक्रेता सूचियाँ
- पेटेंट आवेदन
- सार्वजनिक न की गई वित्तीय जानकारी
- उत्पाद फॉर्मूले
- विनिर्माण प्रक्रियाएं
- जारी न की गई किसी प्रकार की विपणन या बिक्री सामग्री
- ऐसी आंतरिक जानकारी जिसे सार्वजनिक नहीं किया गया है

हालांकि यह सूची पूरी नहीं हैं, फिर भी इस सूची में विभिन्न प्रकार की ऐसी जानकारी के उदाहरण दिए गए हैं जिसे सुरक्षित करने की आवश्यकता है।

कोलगेट की मालिकाना जानकारी से संबंधित आपके दायित्व ये हैं:

ऐसा करें

- कोलगेट की मालिकाना जानकारी की रक्षा करने के लिये तर्कसंगत उपाय करें।
- मालिकाना दस्तावेज़ों को गोपनीय या मालिकाना के रूप में चिह्नित करें।
- एलेवेटरों, आम जगहों या अन्य सार्वजनिक स्थानों में मालिकाना जानकारी पर चर्चा करते समय सावधान रहें।

ऐसा न करें

- मालिकाना जानकारी का खुलासा “जानने की जरूरत” या “उपयोग की आवश्यकता” के आधार के सिवाए कोलगेट में काम करने वाले लोगों या तृतीय पक्षों को करना।
- उचित प्राधिकार के बिना तृतीय पक्षों को मालिकाना जानकारी की साज-संभाल का कार्य सौंपना।
- सार्वजनिक रूप से उपलब्ध वेबसाइटों या सोशल मीडिया साइटों पर मालिकाना जानकारी को पोस्ट करना या इसकी चर्चा करना।
- अपने स्वयं के लाभ या कोलगेट के बाहर के व्यक्तियों के अनधिकृत लाभ के लिये मालिकाना जानकारी का उपयोग करना।
- मालिकाना जानकारी को सम्मेलन कक्षों या ताला खुले होने वाले कार्यालयों में छोड़ना।

यदि आप कोलगेट छोड़कर जाते हैं, तो भी कोलगेट की मालिकाना जानकारी की रक्षा करने का आपका दायित्व जारी रहेगा। आपको यह भी याद रखना चाहिए कि पत्राचार, प्रिंटिड सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक जानकारी, किसी भी तरह के दस्तावेज़ या रिकॉर्ड, विशिष्ट प्रक्रिया ज्ञान, प्रक्रियाएं, - चाहे गोपनीय हों या न हों - सभी कंपनी की संपत्ति हैं और वह कोलगेट के पास ही रहनी चाहिए। इसके अलावा, यदि आप कंपनी छोड़ते हैं तो आपको अपने कब्जे, अभिरक्षा या नियंत्रण वाली कंपनी की सभी संपत्ति को लौटाना होगा।

यदि आपका इस बारे में कोई प्रश्न है कि क्या जानकारी मालिकाना है, तो आपको वैश्विक कानूनी संगठन से संपर्क करना चाहिए। कोलगेट में काम करने वाले लोग मालिकाना जानकारी की रक्षा करने पर कंपनी के दिशा-निर्देशों को पढ़कर अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जो कंपनी की वैश्विक व्यापारिक रीतियों संबंधी दिशा-निर्देश में उपलब्ध हैं।

हम प्रेस और मीडिया अनुरोध नीतियों का पालन करते हैं

कोलगेट में काम करने वाले लोगों को मीडिया, प्रेस, वित्तीय समुदाय या जनता से किन्हीं ऐसे अनुरोधों या पोस्टों का उत्तर नहीं देना चाहिए जिनमें आपसे कोलगेट की ओर से बात करने के लिए कहा जाता है।

- मीडिया, प्रेस, वित्तीय समुदाय या जनता की ओर से इंटरव्यू या पूछताछ के अनुरोध मुख्य संचार अधिकारी (Chief Communications Officer) या वरिष्ठ उपाध्यक्ष, निवेशक संबंध (Senior Vice President, Investor Relations) को अवश्य भेजे जाने चाहिए।

- प्रतिभूति और विनिमय आयोग, न्यूयार्क स्टॉक एक्सचेंज, अन्य विनियामकों या बाहरी वकीलों से संपर्क के लिये कोलगेट की ओर से जानकारी प्रदान करने के अनुरोध वैश्विक कानूनी संगठन को तुरंत भेजे जाने चाहिए।

यह महत्वपूर्ण है कि किसी कर्मचारी द्वारा इस तरह की पूछताछ के लिये कंपनी की ओर से उत्तर न दिया जाए या स्वयं संपर्क न किया जाए क्योंकि कोई भी अनुचित या गलत उत्तर, यहाँ तक कि जानकारी देने से इंकार करना या अस्वीकरण, प्रतिकूल प्रचार, कानूनी जोखिम होने की वजह बन सकता है और कंपनी को अन्यथा गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है।

यह नीति सार्वजनिक रूप से उपलब्ध वित्तीय जानकारी के लिये लागू नहीं होती है, जैसे कि वार्षिक और तिमाही रिपोर्टें या कंपनी की प्रचार-प्रसार की गतिविधियाँ।

कोलगेट में काम करने वाले लोग प्रतिभूति व्यापार और जानकारी के खुलासे पर कंपनी के दिशा-निर्देशों को पढ़कर अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जो कंपनी की वैश्विक व्यापारिक रीतियों संबंधी दिशा-निर्देश में उपलब्ध है।

हम सटीक बहियाँ और रिकॉर्ड बनाये रखते हैं

हमारी कंपनी की वित्तीय स्थिति और इसके संचालन के परिणामों को कानून की आवश्यकताओं और सामान्य तौर पर स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों (GAAP) के अनुसार रिकॉर्ड किया जाना चाहिए। कोलगेट से ऐसी बहियों, रिकॉर्डों और खातों को बनाये रखना अपेक्षित है जो कंपनी के लेन-देनों और संपत्तियों को सटीक और निष्पक्ष रूप से प्रकट करें और इसके साथ-साथ इससे आंतरिक लेखांकन नियंत्रणों की पर्याप्त प्रणाली बनाए रखना भी अपेक्षित है।

ऐसी जानकारी को बनाने, संसाधित करने और रिकॉर्ड करने में शामिल सभी लोग इसकी सत्यनिष्ठा के लिये जिम्मेदार ठहराए जाते हैं और इसके परिणामस्वरूप:

- यह अवश्य सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि व्यय की राशि, व्यय का प्राप्तकर्ता या लाभार्थी और व्यय के लिए व्यापारिक उद्देश्य सहित सारे लेन-देनों, व्ययों और लागतों को कंपनी की बहियों और रिकॉर्डों में उपयुक्त रूप से दर्ज किया जाए।

- कंपनी के लेन-देनों और संपत्तियों के प्रबंधों के संबंध में पूर्ण और सटीक जानकारी और उपयुक्त प्रलेखन अवश्य प्रदान किया जाना चाहिए।

- यह अवश्य सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि प्रत्येक लेन-देन, लेखांकन या वित्तीय प्रविष्टि सटीक रूप से वही दर्शाए जिसका सहायक प्रलेखन में वर्णन किया गया है। प्रबंधन से, या द्वारा, या कंपनी के आंतरिक या स्वतंत्र लेखा परीक्षकों से किसी भी जानकारी को छिपाया नहीं जाना चाहिए।

- कोई भी झूठी या भ्रामक प्रविष्टि किसी भी वजह से कंपनी की किसी भी बही या वित्तीय रिकॉर्ड में कतई दर्ज नहीं की जानी चाहिए।

- यदि भुगतान के किसी भाग का उपयोग उसके सहायक दस्तावेज़ों में वर्णित प्रयोजन से भिन्न किसी प्रयोजन के लिये किया जाएगा तो कंपनी की ओर से ऐसे भुगतान की स्वीकृति या भुगतान नहीं किया जाना चाहिए।

- कंपनी निधियों या परिसंपत्ति को किसी भी गैरकानूनी या अनुचित उद्देश्य के लिये इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

- आयों और व्ययों को सामयिक आधार पर उपयुक्त रूप से अवश्य मान्यता दी जानी चाहिए।

परिसंपत्तियाँ और देनदारियाँ उचित रूप से अभिलेखित और मूल्यांकित की जानी चाहिए। इसके अलावा, वे लोग जो प्रतिभूति और विनिमय आयोग के साथ कोलगेट की आवश्यक फाइलिंग और लागू कानून द्वारा अपेक्षित अन्य फाइलिंग करने के लिये जिम्मेदार या उसमें शामिल हैं, या व्यापारिक या वित्तीय समुदाय के साथ अन्य संचार करने में शामिल हैं या उसके लिये जिम्मेदार हैं, तो उनके द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उन फाइलिंग और संचारों में किया गया प्रकटीकरण पूर्ण, निष्पक्ष, सटीक, समय पर और समझने योग्य हो।

यदि आपको किसी लेन-देन, लेखांकन या वित्तीय प्रविष्टियों में संभावित चूक, मिथ्याकरण या अशुद्धि के बारे में, या कोलगेट की प्रतिभूति और विनिमय आयोग की रिपोर्टों या अन्य संचार या किसी आंतरिक नियंत्रण के टूटने के बारे में पता चलता है, तो आपको ऐसी जानकारी की रिपोर्ट अवश्य अपने प्रबंधक या वैश्विक कानूनी संगठन को तुरंत करनी चाहिए। आप वैश्विक आचारनीति और अनुपालन विभाग से भी संपर्क कर सकते हैं।

कोलगेट में काम करने वाले लोग बहियों, रिकॉर्डों और दस्तावेज़ों पर कंपनी के दिशा-निर्देशों को पढ़कर अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जो कंपनी की वैश्विक व्यापारिक रीतियों संबंधी दिशा-निर्देश में उपलब्ध है।

याद रखें

- कंपनी की बहियाँ और रिकॉर्ड अवश्य सटीक होने चाहिए
- कंपनी के दस्तावेज़ अवश्य स्पष्ट और असंदिग्ध होने चाहिए
- कोई झूठी या भ्रामक प्रविष्टि किसी भी वजह से नहीं की जानी चाहिए

हम कोलगेट की परिसंपत्तियों की रक्षा करते हैं

कंपनी की परिसंपत्तियों, सुविधाओं या सेवाओं का उपयोग केवल वैध, उचित और अधिकृत प्रयोजनों के लिये ही किया जाना चाहिए। धन, संपत्ति या सेवाओं की चोरी करना सख्त रूप से वर्जित है। कोलगेट के उपकरणों, प्रणालियों, सुविधाओं, कॉर्पोरेट क्रेडिट कार्डों और आपूर्तियों का इस्तेमाल कोलगेट में आपके कार्य से ही संबंधित होना चाहिए या प्रबंधन द्वारा अधिकृत प्रयोजनों के लिये ही किया जाना चाहिए। आप व्यक्तिगत रूप से न केवल कंपनी द्वारा आपको सौंपी गयी संपत्ति की रक्षा के लिये जिम्मेदार हैं बल्कि सामान्य रूप से कंपनी की परिसंपत्तियों की रक्षा करने में मदद के लिये भी जिम्मेदार हैं। आपको किन्हीं ऐसी स्थितियों या घटनाओं के लिये सचेत रहना चाहिए जिनकी वजह से कंपनी की संपत्ति की हानि, दुरुपयोग या चोरी हो सकती है और जैसे ही आपको इन स्थितियों के बारे में पता लगता है, आपको ऐसी सभी स्थितियों के बारे में प्रबंधक या वैश्विक सुरक्षा को तुरंत रिपोर्ट करनी चाहिए।

कंपनी के केवल कुछ अधिकारियों और अन्य वरिष्ठ कर्मचारियों के पास कंपनी की परिसंपत्तियों को प्रभावित करने वाली प्रतिबद्धताओं को करने का अधिकार है। आपको कंपनी की परिसंपत्तियों को प्रभावित करने वाली प्रतिबद्धताओं को तब तक नहीं करना चाहिए जब तक आप उचित रूप से अधिकृत न हों। यदि आपके प्रश्न हैं या आपको स्पष्टीकरण चाहिए तो आपको अपने स्थानीय या प्रभाग के वित्तीय निदेशक से संपर्क करना चाहिए।

हम सूचना प्रौद्योगिकी संसाधनों और सोशल मीडिया का जिम्मेदारी के साथ उपयोग करते हैं

सूचना प्रौद्योगिकी संसाधनों का उपयोग

कोलगेट के सूचना प्रौद्योगिकी संसाधनों का जिम्मेदारी से और संहिता और कंपनी की अन्य नीतियों और प्रक्रियाओं के साथ अवश्य संगत ढंग से उपयोग किया जाना चाहिए।

कोलगेट के सूचना प्रौद्योगिकी संसाधनों में वर्तमान और भविष्य के ऐसे समस्त कंप्यूटर हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, मोबाइल उपकरण, डेटा और भंडारण मीडिया सम्मिलित है जिनका स्वामित्व, पट्टा कोलगेट के पास है या जिन्हें कोलगेट द्वारा प्रदान किया जाता है। कोलगेट के सूचना प्रौद्योगिकी संसाधनों का उपयोग सीमित और उपयुक्त निजी उपयोगों को छोड़कर, सम्मानजनक, पेशेवर तरीके से केवल कोलगेट के व्यापारिक प्रयोजनों के लिये किया जाना चाहिए।

कोलगेट के सूचना प्रौद्योगिकी संसाधनों का इनके लिए उपयोग नहीं किया जा सकता:

- उत्पीड़न, भेदभाव करने वाले, अपमानजनक, निन्दात्मक, कपटपूर्ण या धमकाने वाले संदेश भेजना।
- कंपनी की या किसी तृतीय पक्ष की मालिकाना, गोपनीय या व्यापारिक रहस्य वाली जानकारी को अनुचित रूप से प्रकट करना।
- कोलगेट के नेटवर्क या संचार प्रणालियों में सुरक्षा उल्लंघन या हस्तक्षेप करना या इसकी अनुमति देना जिसमें वॉर्म, वायरस, स्पाइवेयर, मालवेयर, या किसी प्रकार की दुर्भावनापूर्ण या हानिकारक सामग्री या कोड सम्मिलित है लेकिन इन्हीं तक ही सीमित नहीं है।
- किसी कंप्यूटर, नेटवर्क, एप्लीकेशन या अन्य प्रौद्योगिकी के उपयोगकर्ता पहुँच नियंत्रणों या अन्य सुरक्षा से बचना।

- किसी ऐसे व्यक्ति या कंपनी के अधिकारों का उल्लंघन करना जो ट्रेडमार्क, ट्रेड ड्रेस, प्रचार/निजता के अधिकार, कॉपीराइट, व्यापारिक रहस्य, पेटेंट या अन्य बौद्धिक संपत्ति अधिकार या समान कानूनों या विनियमों द्वारा संरक्षित हो।

- किसी व्यक्ति के लागू कानूनों द्वारा संरक्षित प्रचार और निजता अधिकारों का उल्लंघन करना।

- किन्हीं बाहरी वाणिज्यिक उद्यमों, धार्मिक या राजनीतिक कार्यों, या किसी अनधिकृत निजी लाभ या सुधार के लिए आग्रह करना।

- व्यापारिक या निजी उपयोग के लिए कोलगेट की प्रणाली पर अनधिकृत सॉफ्टवेयर स्थापित या डाउनलोड करना।

- कंपनी की वैश्विक व्यापारिक रीतियों संबंधी दिशा-निर्देश द्वारा निषिद्ध कोई अन्य उपयोग।

- लागू कानूनों द्वारा सीमित किए जाने के सिवाए, कोलगेट के पास सभी उपयोगों की समीक्षा करने और किसी भी समय तथा किसी भी कारण से सूचना प्रौद्योगिकी संसाधनों तक पहुँच को सीमित, निलंबित या समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित है। कर्मचारियों को कंपनी के सूचना प्रौद्योगिकी संसाधनों का उपयोग करते समय इस प्रकार के व्यापारिक डेटा के लिये निजता की कोई उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

सोशल मीडिया

- "सोशल मीडिया" उन वेबसाइटों और ऑनलाइन उपकरणों को दिया गया शब्द है जिससे उपयोगकर्ता सूचना, रायों, ज्ञान और रुचियों को साझा करते हुए इंटरनेट के माध्यम से एक-दूसरे से मेलजोल कर सकते हैं। ये ऑनलाइन संचार उपकरण हमें एक-दूसरे से और हमारे उन ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, उपभोक्ताओं और पेशेवरों से संपर्क करने का महत्वपूर्ण तरीका प्रस्तुत करते हैं जो पूरे विश्व में हमारे उत्पादों का उपयोग और समर्थन करते हैं। जबकि इनके बहुत से लाभ हैं, वहीं ये सोशल मीडिया उपकरण कंपनी, सोशल मीडिया का उपयोग करने वाले कर्मचारियों और अन्य तृतीय पक्षों के लिए जोखिम भी उत्पन्न कर सकते हैं।

सोशल मीडिया से संबंधित करने और न करने योग्य बातें

- कंपनी के ई-मेल पतों की आपकी निजी सोशल मीडिया पारस्परिक-क्रियाओं के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

- यदि आप किसी निजी हैसियत से सोशल मीडिया साइटों में भाग लेते हैं (जैसे कोई निजी फेसबुक या ट्विटर खाता), तो आप किसी कंपनी के कर्मचारी के रूप में स्वयं की पहचान बता सकते हैं, लेकिन आप अपने उपयोगकर्ता नाम या स्क्रीन नाम में कंपनी, इसकी सहायक कंपनियों, या उनके किसी संबंधित उत्पाद के नाम का उपयोग नही कर सकते। इसके अलावा, आप कंपनी के स्वामित्व वाले लोगो या सामग्रियों का उपयोग नहीं कर सकते।

- यदि आप अपनी ऐसी निजी सोशल मीडिया साइटों पर कोलगेट के उत्पादों के बारे में सिफारिश कर रहे हैं या कंपनी से संबंधित विषयों के बारे में पोस्ट कर रहे हैं जिनमें कानून की अपेक्षा के अनुसार आपको प्रत्येक ऐसी पोस्ट में यह अवश्य प्रकट करना चाहिए कि आप कंपनी के लिए काम करते हैं और यह अस्वीकरण (डिस्कलेमर) जोड़ना चाहिए कि ये आपकी निजी राय हैं।

- यदि आपको कंपनी या उसके उत्पादों के बारे में असटीक जानकारी या गलत जानकारी का पता चलता है, या यदि आप अपनी निजी सोशल मीडिया साइटों पर कंपनी या उसके उत्पादों के बारे में प्रश्न प्राप्त करते हैं तो आप कंपनी की वेबसाइट का ऐसा लिंक प्रदान कर सकते हैं जो उस मुद्दे पर ध्यान देता हो या आप ऐसी पूछताछ को यहाँ भेज सकते हैं **उत्तर के लिए ColgatePalmolive.com का "हमसे संपर्क करें" खंड**।

कोलगेट में काम करने वाले लोग सूचना प्रौद्योगिकी संसाधनों और सोशल मीडिया का उपयोग और संरक्षण पर कंपनी के दिशा-निर्देशों को पढ़कर अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जो कंपनी की वैश्विक व्यापारिक रीतियों संबंधी दिशा-निर्देश में उपलब्ध है।

हमारे निदेशक मंडल से हमारे संबंध

हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास ऐसे उत्कृष्ट व्यक्तियों का समूह है जो कंपनी के निदेशक मंडल में सेवारत है, जो हमारी निरंतर सफलता के लिये सलाह, मार्गदर्शन और नेतृत्व प्रदान करते हैं। उनकी व्यापार, शिक्षा और सार्वजनिक सेवा, अंतरराष्ट्रीय अनुभव, शैक्षिक उपलब्धियाँ, नैतिकता और नैतिक चरित्र और विविधता में सामूहिक पृष्ठभूमि के साथ, हमारे निदेशक मंडल कंपनी के कारोबार को प्रभावी निरीक्षण प्रदान करते हैं।

हमारे पास ऐसा निदेशक मंडल है जो स्वतंत्र, अनुभवी और उन्हें विविध प्रकार का अनुभव है

स्वतंत्रता से ईमानदारी और जवाबदेही को बढ़ावा मिलता है। यह कोलगेट की नीति है कि उसके पास ऐसा निदेशक मंडल हो जिसमें मुख्य रूप से बाहरी स्वतंत्र निदेशक शामिल हों। सभी निदेशक, जो बोर्ड की समितियों पर काम करते हैं, जो लेखा परीक्षण, क्षतिपूर्ति और संचालन के मामलों की निगरानी करते हैं, वे स्वतंत्र हैं। यहाँ कोई इंटरलॉकिंग निदेशक पद नहीं है और यह कंपनी की नीति है कि स्वतंत्र निदेशकों में से किसी को भी कंपनी से परामर्श, कानूनी या किसी भी अन्य गैर-निदेशक संबंधी फीस नहीं दी जाएगी।

हम बोर्ड के साथ प्रत्यक्ष और खुले संवाद को बढ़ावा देते हैं

बोर्डरूम के अंदर और बाहर-दोनों स्थान पर, कोलगेट निदेशकों का कंपनी के प्रबंधन के साथ लगातार और सीधा संपर्क होता है। प्रमुख वरिष्ठ प्रबंधक नियमित रूप से बोर्ड की बैठकों के दौरान निदेशकों के साथ शामिल होते हैं और विभिन्न व्यापारिक मुद्दों पर साथ मिलकर खुली चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। निर्धारित बोर्ड बैठकों के दौरान, निदेशकों को आमंत्रित किया जाता है और वे अक्सर, प्रश्नों और सुझावों के साथ वरिष्ठ प्रबंधकों से संपर्क करते हैं। इसके परिणामस्वरूप खुलेपन और स्पष्टवादिता का वातावरण, कोलगेट की समुचित कार्पोरेट संस्कृति को दर्शाता है और बोर्ड कंपनी की व्यापारिक रणनीति का विकास और मार्गदर्शन करने में सक्रिय भूमिका निभाता है।

हम उत्कृष्ट कॉर्पोरेट गवर्नेंस के लिये वचनबद्ध हैं

कोलगेट का बोर्ड कॉर्पोरेट संचालन की पहल का समर्थन करने में अग्रणी रहा है। अपने समकक्षों के बीच सभी व्यापारिक लेन-देन का संचालन करने और बोर्ड और उसकी समितियों के लिये चार्टर बनाने के लिये औपचारिक रूप से आचार संहिता को अपनाने में यह पहल करने वालों में से एक रहा है, कोलगेट ने पिछले तीन दशकों में उत्कृष्ट कार्पोरेट संचालन रीतियों को स्थापित किया है, जिनमें लगातार सुधार और बदलाव किए जा रहे हैं। कोलगेट का बोर्ड, इन नीतियों का मुख्य केंद्र है और दृढ़ता से यह विश्वास करता है कि बेहतर कार्पोरेट संचालन, हमारे दीर्घकालिक व्यापार की सफलता को प्रेरित करता है और बेहद सहायक है। कोलगेट में काम करने वाले लोग **महत्वपूर्ण कॉर्पोरेट संचालन मुद्दों पर बोर्ड के दिशा-निर्देश** पढ़कर अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

बाहरी व्यापारिक संस्थाओं के साथ हमारे संबंध

हममें से प्रत्येक व्यक्ति इस बात के लिये जिम्मेदार है कि हमें आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों और अन्य तृतीय पक्षों द्वारा किस रूप में देखा जाता है। यह अनिवार्य है कि हम इन समूहों के साथ ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और निष्पक्ष लेन-देन की कंपनी की प्रतिष्ठा बनाये रखें।

हम तृतीय पक्षों के साथ नैतिकतापूर्ण व्यवहार करते हैं

विश्वास, खुले और ईमानदार संवाद और सम्मान का वातावरण उत्पन्न करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता का विस्तार तृतीय पक्षों के साथ हमारे संबंधों तक है। तृतीय पक्षों के साथ ईमानदार और निष्पक्ष व्यवहार मज़बूत, लंबे समय तक चलने वाले व्यावसायिक संबंधों के लिये आवश्यक हैं। हम सभी संभावित तृतीय पक्षों को निष्पक्ष और समान रूप से महत्व देते हैं। विक्रेता चयन संबंधी निर्णय उद्देश्यपूर्ण मापदंडों पर आधारित होते हैं जैसे कि मूल्य और गुणवत्ता और साथ ही विश्वसनीयता और सत्यनिष्ठा।

इसके अलावा, मूल्यों, प्रोत्साहनपरक भत्तों, विपणन सहायता या इसी तरह की चीज़ों के बारे में हम तृतीय पक्षों के साथ कोई व्यक्तिगत पक्षपात नहीं करते। तृतीय पक्षों के साथ लेन-देन करने के बारे में इस संहिता के खंड में आगे चर्चा की गई है जिसमें सरकार और कानून के साथ हमारे संबंधों का उल्लेख किया गया है।

कोलगेट तृतीय पक्ष आचार संहिता को उस नैतिक आचरण के संबंध में हमारी अपेक्षाओं को व्यक्त करने के लिए तैयार किया गया था जिसकी हम अपने आपूर्तिकर्ताओं, वितरकों, एजेंटों, ग्राहकों, अनुसंधान भागीदारों और अपने साथ काम करने वाले सभी अन्य तृतीय पक्षों से अपेक्षा करते हैं।

कोलगेट के आपूर्तिकर्ताओं और विक्रेताओं को हमेशा तृतीय पक्ष आचार संहिता का पालन करने की सलाह दी जानी चाहिए जब वे हमारे साथ काम कर रहे हों वरना ऐसा करने पर विफल रहने पर वे हमसे व्यापार खोने की संभावना का सामना कर सकते हैं। इसके अलावा, हमें ग्राहकों या आपूर्तिकर्ताओं की नीतियों का उस हद तक पालन और सम्मान करना चाहिए जिस हद तक वे हमारी नीतियों का विरोध न करती हों। **कोलगेट तृतीय पक्ष आचार संहिता** कंपनी की वेबसाइट पर अनेक भाषाओं में उपलब्ध है।



हम अनुचित उपहार देते या लेते नहीं हैं

किसी भी व्यापारिक निर्णय को प्रभावित करने या प्रभावित करता प्रतीत होने के लिये उपहार, भुगतान या अन्य लाभ पेश करना, देना या हासिल करना स्वीकार्य नहीं है। यदि आप कोई ऐसा उपहार, भुगतान या अन्य लाभ देना चाहते हैं, दे चुके हैं, या आपको इसकी पेशकश की गई है या आपने इसे प्राप्त किया है, तो यह नाममात्र के मूल्य (लगभग 50 अमरीकी डॉलर) से अधिक नहीं हो सकता। उपहार कभी भी नकदी, नकदी के समान चीज़ों या प्रतिभूतियों में नहीं होना चाहिए। इसके अलावा, यह ध्यान रखें कि आप प्रति केलेंडर वर्ष एक बार में केवल एक स्रोत को नाममात्र के मूल्य के उपहार दे या ले सकते हैं।

यदि आपका यह मानना है कि ऐसा उपहार, भुगतान या अन्य लाभ किसी व्यापारिक निर्णय को प्रभावित करने के मकसद से पेश या प्रदान किया गया था, तो आपको वैश्विक कानूनी संगठन या वैश्विक आचारनीति और अनुपालन से अवश्य संपर्क करना चाहिए।

यदि आपके द्वारा ऐसे किसी विशेष उपहार को स्वीकार न करना कंपनी के लिये लज्जाजनक हो जो नाममात्र के मूल्य से अधिक हो, तो उपहार स्वीकार करने के आपके इरादे की वैश्विक कानूनी संगठन के साथ समीक्षा की जानी चाहिए। इसके अलावा, मामूली कीमत से अधिक मूल्य के उपहार, भुगतान या अन्य लाभ को अपने परिवार के नजदीकी सदस्य की ओर से किसी ऐसे व्यक्ति से स्वीकार न करें या उसकी व्यवस्था न करें जिसके कंपनी के साथ फिलहाल व्यापारिक संबंध हैं या जिसके साथ कंपनी भविष्य में व्यापारिक संबंध बनाना चाहती है।

इस नियम का पालन करें: कभी भी ऐसा उपहार या सेवा स्वीकार न करें जो आपको संकट में डाल दे या आपको संकट में डालता हुआ प्रतीत हो। इसमें कभी-कभार होने वाला तर्कसंगत व्यापारिक मनोरंजन या मामूली कीमत वाला उपहार शामिल नहीं है।

आपको यह मालूम होना चाहिए कि संघीय, राज्य, स्थानीय या विदेशी सरकारी अधिकारियों और सरकारों के साथ उचित व्यवहार करने के विशेष नियम हैं जो गैर-सरकारी संस्थाओं के साथ व्यवहार करने के नियमों से अलग हैं। किसी भी देश में किसी भी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी को कोई भी उपहार या अन्य चीज़, चाहे उसका मूल्य कुछ भी हो, वैश्विक कानूनी संगठन से अग्रिम लिखित अनुमोदन के बिना नहीं दी जा सकती।

कोलगेट में काम करने वाले लोग वैश्विक सरकारी व्यय नीति और संबंधित अनुमोदन फॉर्म पढ़कर सरकारी अधिकारियों या सरकारों को उपहार देने से संबंधित अतिरिक्त जानकारी हासिल कर सकते हैं।

हम दूसरों के व्यापारिक रहस्यों और गोपनीय जानकारियों का सम्मान करते हैं

कोलगेट की नीति है कि दूसरों के मान्य और लागू करने योग्य बौद्धिक संपदा अधिकारों का जानबूझकर उल्लंघन न किया जाए। कंपनी की यह भी नीति है कि दूसरों के व्यापार रहस्यों या अन्य स्वामित्व संबंधी जानकारी का आदर किया जाए। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है यदि आप कोलगेट में शामिल होते हैं और आपको अपने पूर्व नियोक्ता के व्यापारिक रहस्यों या स्वामित्व की जानकारी है। सामान्य मामले के रूप में, प्रतिस्पर्धियों से कर्मचारियों या पूर्व कर्मचारियों को नियुक्त करने की मनाही नहीं है। फिर भी, हमारे प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धियों द्वारा नियुक्ति पर कानूनी जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं जिनकी व्यवस्था की जानी चाहिए जिनमें हमारे प्रतिस्पर्धियों या अन्य तृतीय पक्षों की गोपनीय या मालिकाना जानकारी प्राप्त करने का जोखिम सम्मिलित है। यदि इस क्षेत्र से संबंधित कोई प्रश्न उत्पन्न होते हैं तो आपको वैश्विक कानूनी संगठन से परामर्श करना चाहिए।

यदि कंपनी से बाहर का कोई व्यक्ति आपके पास किसी आविष्कार, खोज या विचार के साथ आता है तो यह महत्वपूर्ण है कि भविष्य में हो सकने वाले उल्लंघन या मौद्रिक दावों से कंपनी की सुरक्षा की जाए। पहले वैश्विक कानूनी संगठन से परामर्श किए बिना, किन्हीं बाहरी लोगों को उनके आविष्कार, खोज या नए विचार की किसी भी जानकारी को प्रकट करने की अनुमति न दें। अयाचित विचारों के साथ आप तक पहुँचने वाले सभी पक्षों को अपने स्थल के वैश्विक कानूनी संगठन (Global Legal Organization) या उपभोक्ता मामले विभाग (Consumer Affairs Department) के पास भेजें ताकि कंपनी की प्रक्रियाओं के अनुसार उनसे निपटा जा सके।

हमारी बाहरी वेबसाइट www.colgate.com/innovation पर दिशानिर्देश फॉर्मों और ऐसे लोगों को फॉलो करने की प्रक्रिया के साथ उपलब्ध हैं जो ऐसा अनुरोध करना चाहते हैं। यदि आपको कोई अयाचित विचार, सुझाव या पूछताछ प्राप्त होती है, तो आपको उस व्यक्ति को हमारी बाहरी वेबसाइट पर भेजना चाहिए और उसे उसमें वर्णित प्रक्रिया का पालन करने का निर्देश देना चाहिए।

उपभोक्ताओं के साथ हमारे संबंध

हमारी कंपनी की प्रतिष्ठा हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा पर निर्मित रही है। उपभोक्ता स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिये हमारी प्रतिबद्धता कंपनी के निरंतर विकास और सफलता के लिये अत्यावश्यक है।

हम अपने उत्पादों के लिये उच्चतम मानक निर्धारित करते हैं

हम यह सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध हैं कि उपभोक्ता कोलगेट के उत्पादों पर उनकी विश्वसनीयता, गुणवत्ता और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये भरोसा कर सकें। जिन बाज़ारों में हम व्यापार करते हैं, उनमें करोड़ों लोगों की सेवा करने के अलावा, हमें अपने उत्पादों का सबसे अधिक कारगर तरीके से उत्पादन करने का प्रयास करना होगा ताकि हम सस्ते उत्पाद उपलब्ध करा सकें।

कोलगेट द्वारा बेचे जाने वाले उत्पादों को न केवल कानून द्वारा निर्धारित सभी सुरक्षा मानकों को पूरा करना चाहिए बल्कि आमतौर पर हमारी कंपनी के अधिक कड़े मानकों को भी पूरा करना चाहिए। हम कार्यक्रमों में भाग लेते हैं ताकि उत्पाद के साथ छेड़छाड़, दुरुपयोग या नकली होने के संदिग्ध मामलों में अपने उपभोक्ताओं को तुरंत सहायता दी जा सके। उपभोक्ता का स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण हमारे लिये सबसे बड़ी चिंता है और कोलगेट कर्मचारी के रूप में यह आपकी जिम्मेदारी है कि यदि आपके सामने उत्पाद की गुणवत्ता या सुरक्षा से संबंधित मुद्दे आते हैं तो आप ऐसे मुद्दों की जानकारी अपनी व्यापारिक इकाई के प्रमुख को तुरंत दें।

हमारे अवयवों की सुरक्षा के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिये, कृपया इसे देखें: **अवयव सुरक्षा के बारे में हमारी नीति: प्रतिदिन पीढ़ियों के लिए आपका विश्वास अर्जित करना**, जो वैश्विक व्यापारिक रीतियों संबंधी दिशा-निर्देश में उपलब्ध है।

हम उपभोक्ताओं के प्रति प्रतिक्रियाशील हैं

क्योंकि हमारा व्यापार उपभोक्ता उत्पादों का है, हमारी सफलता उपभोक्ता की संतुष्टि, विश्वास और साख पर निर्भर करती है। हम उपभोक्ता संचार के सुसंगत और निष्पक्ष कार्यक्रम को अपनाकर अपने उद्देश्यों को सर्वोत्तम रूप से प्राप्त कर सकते हैं और उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं।

हम उपभोक्ता की जरूरतों और वरीयताओं के लिये पूर्वानुमान और प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के महत्व को समझते हैं। हमारा यह भी मानना है कि हमारे उत्पाद से संबंधित कंपनी को भेजी गई उपभोक्ता की राय, चिंताएं और पूछताछ जानकारी के महत्वपूर्ण स्रोत हैं। उपभोक्ता की जरूरतें लगातार बदलती रहती हैं, इसलिए हमें लगातार सुनना चाहिए कि लोग क्या चाहते हैं ताकि बदलती जरूरतों को संतुष्ट किया जा सके।

जब कोई उपभोक्ता असंतुष्टि व्यक्त करता है तो हमारी उपभोक्ता मामले टीम समस्या का तुरंत, शिष्टता से और निष्पक्ष ढंग से निपटारा करेगी और उपभोक्ता सद्भावना बनाये रखने या फिर से हासिल करने के लिये हर तर्कसंगत प्रयास करेगी।

हमारे विज्ञापन ईमानदारी वाले और सटीक हैं

विज्ञापन हमारे व्यापार के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक हैं। विज्ञापन रचनात्मक और प्रतिस्पर्धात्मक होना चाहिए लेकिन साथ ही यह ईमानदार, सही होना चाहिए, यह भ्रामक नहीं होना चाहिए और यह अन्यथा लागू कानूनों का पालन करने वाला होना चाहिए।

विज्ञापन केवल उत्पाद की छवि ही नहीं बनाता है। यह विश्वसनीयता, निर्भरता और भरोसे के लिये हमारी प्रतिष्ठा बनाता है।

इसके अलावा, हम मीडिया के चयन का भी ध्यान रखते हैं जिसमें हमारे विज्ञापन संदेश प्रदर्शित होते हैं। हम अपने विज्ञापनों को ऐसे टेलीविजन कार्यक्रमों या अन्य मीडिया पर प्रदर्शित करने की अनुमति नहीं देते:

- जिसमें हिंसा का अनावश्यक या अत्यधिक उपयोग किया गया हो।
- जिसे कोलगेट द्वारा असामाजिक या अरुचिकर माना जाता हो, या जो दर्शकों द्वारा नकल किए जाने के माध्यम से असामाजिक व्यवहार को उकसा सकता हो।
- जिसमें सेक्स संबंधी ऐसा व्यवहार हो जिसे अपमानजनक माना जाता है।
- जिसमें ऐसे कार्यकलापों के लिए वास्तविक या अव्यक्त सहायता की गई हो जो किसी व्यक्ति के शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य दुर्व्यवहार कर सकते हैं।
- जो लोगों की आयु, राष्ट्रीय या जातीय मूल, नागरिकता, लिंग या लिंग पहचान, यौन रुचि, प्रजाति, धर्म, नागरिकता के कारण उनका अपमान करता हो, उनकी मज़ाक उड़ाता हो, या उन्हें नीचा दिखाता हो या किसी अन्य अनुपयुक्त रुढ़िबद्धता में संलग्न होता हो।

हम विज्ञापन, ट्रेडमार्क, और डिजाइन तैयार करने, उपयोग करने और उनका चुनाव करने में वाणिज्यिक निष्पक्षता के मानकों का पालन करते हैं ताकि हमारे उत्पाद अपनी स्वयं की गुणवत्ता की ताकत और हमारी प्रतिष्ठा के मामले में सफल हों, बजाय इसके कि वे नकल करें या प्रतिस्पर्धियों की साख पर व्यापार करें। वाणिज्यिक निष्पक्षता के लिये निम्नलिखित की आवश्यकता होती है:

- ट्रेडमार्क उल्लंघन और अनुचित प्रतिस्पर्धा से संबंधित स्थानीय कानूनी अपेक्षाओं का कड़ाई से पालन।
- बहुराष्ट्रीय कंपनियों और क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धियों द्वारा इस्तेमाल किए गए प्रसिद्ध ट्रेडमार्कों, नारों, विज्ञापन विषयों और ग्राफिकों की नकल करने से बचना।

कोलगेट में काम करने वाले लोग विज्ञापनों और विज्ञापनों और जारी करने के संबंध में कंपनी के दिशा-निर्देशों को पढ़कर अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जो कंपनी की वैश्विक व्यापारिक रीतियों संबंधी दिशा-निर्देश में उपलब्ध है।

सरकार और कानून के साथ हमारे संबंध

हम कोलगेट पर लागू होने वाले सभी कानूनों का पालन करते हैं। यह हमारी नीति है कि कानून के सभी नियमों का अनुपालन उसी भावना से किया जाए जिस भावना से ये लिखे गए हैं। जब कभी भी आपको संदेह हो, आप हमेशा वैश्विक कानूनी संगठन से परामर्श करें।

हम सभी लागू कानूनों का पालन करते हैं

कोलगेट में काम करने वाले लोगों को कंपनी की गतिविधियाँ इस प्रकार करनी चाहिए ताकि वे जिस देश में कंपनी प्रचालन करती है, उस देश के कानूनों का, और साथ ही अमेरिका के संगत कानूनों का पूरी तरह पालन करें जैसा कि कंपनी की व्यावसायिक व्यवहार दिशा-निर्देशों, नीतियों और प्रक्रियाओं में उल्लेख किया गया है। यदि आपको विश्वास है कि स्थानीय कानून और संगत अमेरिकी कानून या कंपनी की नीति के बीच कोई टकराव है, तो कृपया वैश्विक कानूनी संगठन से परामर्श करें।

हम प्रतिस्पर्धी कानूनों का पालन करते हैं

कोलगेट और दुनिया भर में इसके कर्मचारियों को प्रतिस्पर्धी कानूनों का पूरी तरह पालन करना चाहिए (जिन्हें अमेरिका में एकाधिकार व्यापार-रोधी कानून (antitrust laws) के रूप में जाना जाता है) जो प्रत्येक उस देश, राज्य और स्थान पर लागू होते हैं जहाँ हम व्यवसाय करते हैं। इन कानूनों का प्रयोजन यह सुनिश्चित करके उपभोक्ताओं या अन्य कंपनियों की रक्षा करना है कि कंपनियाँ कम कीमतों, अभिनव उत्पादों और बेहतर सेवा की पेशकश के द्वारा उचित तरीके से प्रतिस्पर्धा करें और यह कि कंपनियाँ आपूर्ति और मांग की बाज़ार शक्तियों में दखल न दें। वास्तव में प्रत्येक देश ने प्रतिस्पर्धी कानून लागू किए हैं। यह हर किसी की जिम्मेदारी है कि जहाँ कोलगेट व्यवसाय करता है, वहाँ के प्रतिस्पर्धी कानूनों को समझे और जहाँ जरूरी हो, वहाँ वैश्विक कानूनी संगठन से मार्गदर्शन ले।

दुनिया भर में प्रतिस्पर्धी कानून प्रतिस्पर्धियों के बीच उन समझौतों का निषेध करते हैं जिनका असर प्रतिस्पर्धा को नुकसान पहुँचाने में हो सकता है। अनुपालन करने का उपाय स्वतंत्रता है। कोलगेट को अपनी विभिन्न व्यापारिक गतिविधियाँ में स्वतंत्र रूप से कार्य करना चाहिए:

- कीमतें तय करना
- छूट या प्रचार
- खरीद और बिक्री की शर्तें
- ग्राहकों, वितरकों या आपूर्तिकर्ताओं का चयन
- उत्पादन के लिये उत्पादों को चुनना और यह कि कितनी बिक्री की जाए

यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि अवैध समझौते के लिये औपचारिक दस्तावेज़ या यहाँ तक कि लिखित में होना भी आवश्यक नहीं होता। यह एक मौखिक समझौता या व्यापारिक आचरण का संकेत या साधारण किस्म की टिप्पणियाँ हो सकती हैं। अवैध होने के लिये समझौते को सफलतापूर्वक लागू करने की आवश्यकता भी नहीं होती।

जब प्रतिस्पर्धी मौजूदा या भावी योजनाओं (जैसे योजनाबद्ध तरीके से मूल्य बढ़ाना, आपूर्तिकर्ताओं द्वारा वसूली जाने वाली लागतें, नए उत्पाद लॉन्च करना, आदि) के बारे में गोपनीय या गैर-सार्वजनिक जानकारी साझा या प्राप्त करते हैं, तो कंपनियों की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है और गैरकानूनी समझौता सामने आ सकता है। इसे व्यापारिक संघ सर्वेक्षणों और बैठकों के दौरान ध्यान में रखना विशेष रूप से महत्वपूर्ण होता है। सामान्य रूप से, आपको किसी उस बैठक में शामिल होने से पहले वैश्विक कानूनी संगठन से स्वीकृति लेनी होगी जहाँ कोई प्रतिस्पर्धी मौजूद होने की संभावना हो। आपको कभी भी कंपनी की गोपनीय जानकारी को प्रतिस्पर्धियों के साथ साझा नहीं करना चाहिए। यदि आपको किसी प्रतिस्पर्धी के बारे में ऐसी जानकारी मिलती है जिसके बारे में आपको विश्वास है कि वह गोपनीय हो सकती है, तो आपको तुरंत वैश्विक कानूनी संगठन को सूचित करना चाहिए। आपको पहले कानूनी अनुमति लिये बिना इस जानकारी का इस्तेमाल या इसे साझा नहीं करना चाहिए।

प्रतिस्पर्धी कानून वर्चस्व वाली कंपनियों द्वारा लोभी या अनुचित कार्य करने से भी सुरक्षा करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रतिस्पर्धात्मक खेल का मैदान सभी के लिये खुला हो और उचित हो। गैर-वर्चस्व वाली कंपनियों द्वारा किए गए कानूनी कार्य वर्चस्व वाली कंपनियों द्वारा किए जाने पर गैर-कानूनी समझे जा सकते हैं। उन देशों में जहाँ कोलगेट का बहुत मज़बूत बाज़ार हिस्सा है, वहाँ आपको यह सुनिश्चित करने के लिये अपने स्थानीय क़ानूनी प्रतिनिधि द्वारा जाँच-पड़ताल करनी चाहिए कि कुछ खास अपेक्षित कार्यों (जैसे विशिष्ट छूट नीति या बिक्री से इंकार) को वर्चस्व वाली स्थिति का दुरुपयोग तो नहीं समझा जाएगा।

प्रतिस्पर्धी कानून आपूर्तिकर्ताओं और उनके ग्राहकों और वितरकों के बीच संबंधों पर भी कुछ सीमाएं तय करते हैं। अधिकांश देशों में, ग्राहकों या वितरकों को कीमतें निर्धारित करने या बिक्री के नियमों और शर्तों की उनकी स्वतंत्रता से वंचित करने या स्वतंत्र रूप से प्रचालन करने के उनके अधिकार को सीमित करने से प्रतिस्पर्धी कानून का उल्लंघन होता है। अपने ग्राहकों पर यह जोर देना महत्वपूर्ण होता है कि हमारी "संस्तुत खुदरा (या रिसेल) बिक्री कीमतें" बिल्कुल वही हैं जो संस्तुत की गई हैं। ग्राहक हमेशा उस कीमत पर बेचने के लिये स्वतंत्र हैं जो वे चुनते हैं।

प्रतिस्पर्धी कानूनों का उल्लंघन करने के परिणाम बेहद गंभीर होते हैं और उनसे कंपनी पर बड़े जुर्माने और शामिल किसी व्यक्ति के लिये दंड (कारावास सहित) लगाए जा सकते हैं। संभावित प्रतिस्पर्धा-रोधी आचरण की जाँच तक भी प्रतिष्ठा को काफी नुकसान पहुँचा सकती है और व्यवसाय में अवरोध ला सकती है।

यदि आपको इस बारे में कोई शक है कि क्या अपेक्षित कार्य से प्रतिस्पर्धी कानून के तहत कोई मुद्दा उठ सकता है, तो आपको वैश्विक कानूनी संगठन से परामर्श करना चाहिए।

कोलगेट में काम करने वाले लोग प्रतिस्पर्धा कानूनों पर कंपनी के दिशा-निर्देशों को पढ़कर अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जो कंपनी के वैश्विक व्यापारिक रीतियों संबंधी दिशा-निर्देश में उपलब्ध हैं।

हम प्रतिभूति कानूनों का पालन करते हैं

किसी मौके पर आपके पास कोलगेट या अन्य सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनियों के बारे में ऐसी जानकारी हो सकती है जिनके साथ कोलगेट व्यापार करती है, जो सार्वजनिक रूप से ज्ञात नहीं है ("गैर-सार्वजनिक जानकारी") — जैसे वित्तीय या संचालन परिणाम, संभावित विलय या अधिग्रहण, विनिवेश या वित्तपोषण, विपणन की योजनाएं या नए उत्पादों की शुरुआत करना।

जानकारी तब तक गैर-सार्वजनिक मानी जाती है जब तक सार्वजनिक तौर पर उसका पर्याप्त रूप से खुलासा नहीं किया जाए - यानि जब तक जानकारी विस्तृत तौर पर प्रचारित न की गई हो और प्रतिभूति बाज़ार द्वारा उस प्रतिक्रिया करने के लिये पर्याप्त समय न निकल चुका हो। यदि यह गैर-सार्वजनिक जानकारी "महत्वपूर्ण" मानी जा सकती है — अर्थात ऐसी जानकारी जिस पर समझदार निवेशक द्वारा निवेश का निर्णय लेने के लिये विचार किया जाएगा तो लागू प्रतिभूति कानूनों और कंपनी की नीति के तहत आपको निम्नलिखित का पालन करना होगा:

- आपको अपने खुद के खाते के लिये या किसी अन्य व्यक्ति के खाते के लिये ऐसी फर्म (कोलगेट या अन्य) के शेयर, बॉन्ड या अन्य प्रतिभूतियों में व्यापार नहीं करना चाहिए जिससे महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी का संबंध हो;
- इस प्रकार की गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर आपको ऐसी फर्मों की प्रतिभूतियों के शेयर,बॉन्ड या अन्य प्रतिभूतियों के लेन-देन के लिये दूसरों को प्रोत्साहित या प्रेरित नहीं करना चाहिए;
- आपको ऐसी गैर-सार्वजनिक जानकारी का खुलासा कोलगेट के बाहर के लोगों को नहीं करना चाहिए; और
- आपको ऐसी गैर-सार्वजनिक जानकारी की चर्चा कोलगेट के भीतर काम करने वाले लोगों के साथ तब तक नहीं करनी चाहिए, जब तक कि उन्हें इस जानकारी के बारे में जानना आवश्यक न हो।

अन्य शब्दों में, आप किन्हीं प्रतिभूतियों या निवेश सौदों में स्वयं को या अन्य लोगों को लाभ पहुँचाने के लिये कोलगेट के साथ अपने रोज़गार के माध्यम से आपको प्राप्त हुई गैर-सार्वजनिक जानकारी का इस्तेमाल नहीं कर सकते।

यदि आपको कोलगेट में अपने कार्य के दौरान किसी गैर-सार्वजनिक जानकारी का पता चल जाता है तो आपको जानकारी को गोपनीय बनाये रखने के लिये सावधानी बरतनी चाहिए और आपको कोलगेट या किसी अन्य प्रभावित कंपनी में तब तक प्रतिभूतियों में व्यापार नहीं करना चाहिए (या व्यापार करने के लिये किसी अन्य को सलाह नहीं देनी चाहिए) जब तक ऐसी जानकारी को सार्वजनिक किए जाने के बाद काफी समय न बीत जाए। इस तरह की मनाही का विस्तार शेयर विकल्पों पर विचार करने और निवेश करने के लिये निर्णय लेने में या कंपनी की लाभ योजना में कोलगेट शेयरों के निपटान पर भी है।

गैर-सार्वजनिक जानकारी की गोपनीयता बनाये रखने की आपकी बाध्यता कोलगेट का आपका रोज़गार छोड़ने के बाद भी उस समय तक बनी रहती है जब तक उस जानकारी का सार्वजनिक रूप से पर्याप्त खुलासा न कर दिया जाए।

यदि आपका इस बारे में कोई प्रश्न है कि क्या जानकारी "महत्वपूर्ण" है या क्या इसका पर्याप्त रूप से सार्वजनिक तौर पर खुलासा कर दिया गया है तो आपको वैश्विक कानूनी संगठन से संपर्क करना चाहिए और प्रभावित प्रतिभूतियों में व्यापार करने या जानकारी का खुलासा करने से तब तक बचना चाहिए जब तक आपको कानूनी स्वीकृति न मिल जाए।

हम रिश्वतरोधी कानूनों का पालन करते हैं

कोलगेट की सरकारों के साथ कानूनी तौर पर और नैतिकता से व्यवहार करने की प्रतिबद्धता दुनिया भर में लागू होती है। कंपनी की नीति और यू.एस. विदेशी भ्रष्ट व्यवहार अधिनियम (Foreign Corrupt Practices Act - "FCPA") और दुनिया भर में ऐसे ही रिश्वत-रोधी कानून हमारे व्यवसाय के संबंध में हमारे लोगों या हमारी तरफ से काम करने वाले किसी को भी किसी सरकारी कार्य या निर्णय को प्रभावित करने या कोई व्यवसाय हासिल करने की दृष्टि से किसी सरकारी कर्मचारी को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई मूल्यवान वस्तु देने या उसकी पेशकश करने से निषिद्ध करते हैं।

कंपनी की नीति और कुछ खास लागू नियम भी किसी सरकारी सेवा या कार्य को गति देने की दृष्टि से सरकारी कर्मचारियों को, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, सुविधा प्रदान करने वाले या "सुविधा शुल्क (grease)" भुगतान करने से रोकते हैं (उदाहरण के लिये, कोलगेट के आवेदन को सबसे आगे रखने के लिये या उस समय सीमा को कम करने के लिये जिसमें सेवाएं या अन्य कार्य किए जाते हैं, किसी कर्मचारी को किए गए छोटे भुगतान करना)। सरकार द्वारा रसीदों से समर्थित किसी सरकारी शुल्क को अनुचित भुगतान नहीं माना जाता।

यह सुनिश्चित करने के लिये कि आप इस मानक का, प्रत्यक्ष रूप से या किसी तीसरे पक्ष के माध्यम से उल्लंघन नहीं कर रहे हैं, कंपनी की यह नीति है कि किसी सरकारी रसीद द्वारा समर्थित कानूनी रूप से अधिदेशित शुल्क को छोड़कर, (जैसे कि परमिट या लाइसेंस शुल्क) सरकारी कर्मचारियों को कोई भी भुगतान, मनोरंजन, उपहार या अन्य मूल्यवान वस्तुएं तब तक प्रदान नहीं की जाएंगी, जब तक वैश्विक कानूनी संगठन से अग्रिम रूप से अनुमति न ले ली गई हो, भले ही उनका मूल्य कितना भी क्यों न हो।

कोलगेट में काम करने वाले लोग वैश्विक सरकारी व्यय नीति (Global Government Expenditures Policy) और संबंधित अनुमोदन फॉर्म पढ़कर अतिरिक्त जानकारी हासिल कर सकते हैं।

यह जानना महत्वपूर्ण है कि "सरकारी कर्मचारी" शब्द को व्यापक रूप से परिभाषित किया गया है और इसमें वे व्यक्ति शामिल हैं जिन्हें किसी सार्वजनिक या राज्य से संबंधित संस्थान या संगठन द्वारा नियोजित किया गया है या जो किसी भी रूप में, भले ही पूर्ण कालिक, अंशकालिक या बिना भुगतान वाले, कर्मचारी की हैसियत के काम करते हों। सरकारी अधिकारी सरकार और सार्वजनिक जीवन के प्रत्येक स्तर पर मिल सकते हैं और उनमें निचले-स्तर के सीमा शुल्क कर्मचारियों से लेकर उच्च पद वाले विधि निर्माता और प्रोफेसर और शिक्षक, डेंटिस्ट, पशु-चिकित्सक य अन्य पेशेवर तथा प्रमुख विचारक अगुवा और राज्य के स्वामित्व वाले मीडिया आउटलेट के कर्मचारी शामिल हो सकते हैं। यदि आपको इस बारे में कोई संदेह है कि किसी व्यक्ति को सरकारी कर्मचारी माना जा सकता है या नहीं तो आप वैश्विक कानूनी संगठन से संपर्क करें।

सरकारी कर्मचारियों के साथ व्यवहार और संप्रेषण करते समय हमेशा स्पष्ट और ईमानदार रहें। सरकारी कर्मचारियों को जानबूझकर या सोच-समझकर कोई विवरण देना (मौखिक या लिखित) आपको और आपकी कंपनी-दोनों को बड़े दंड का भागीदार बना सकता है।

यदि कोलगेट में काम करने वाला व्यक्ति या एजेंट किसी विधान को या कुछ सरकारी कार्यों को प्रभावित करने के प्रयोजन से किसी सरकारी कर्मचारी के साथ संप्रेषण करता है तो समर्थन जुटाने से संबंधित कुछ खास कानूनों की अपेक्षा हो सकती है कि कंपनी और/या इसके कर्मचारी या तीसरे पक्ष समर्थन जुटाने वाले के रूप में रजिस्टर कराएं और रिपोर्ट करें। यदि आप या तो प्रत्यक्ष रूप से या किसी तीसरे पक्ष के माध्यम से ऐसी किसी गतिविधि में शामिल हैं या ऐसा करने की योजना बना रहे हैं तो आपको संगत अपेक्षाओं और अगले कदमों को तय करने के लिये वैश्विक कानूनी संगठन से संपर्क करना चाहिए।

सरकारी कर्मचारियों को रिश्वत देने को प्रतिबंधित करने के अलावा, कंपनी की नीति और संगत कानून निजी पक्षों को रिश्वत देने को भी प्रतिबंधित करते हैं। आपको किसी भी ऐसे बाहरी पक्ष के निर्णय या आचरण को उपहार, भुगतान या अन्य लाभों के वायदे या किसी अन्य गैर-कानूनी प्रलोभन द्वारा प्रभावित करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए जिसके साथ आप कंपनी का व्यापार कर रहे हों।

कोलगेट में काम करने वाले लोग सरकारी कर्मचारियों और सरकारों के साथ पारस्परिक-क्रियाओं पर कंपनी के दिशा-निर्देशों को पढ़कर अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जो कंपनी के वैश्विक व्यापारिक रीतियों संबंधी दिशा-निर्देश में उपलब्ध हैं।

हम अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विनियमों का पालन करते हैं

कंपनी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को शासित करने वाले सभी लागू कानूनों का पालन करती है और इसे अमेरिकी व्यापार विनियमों का भी पालन करना चाहिए भले ही हम दुनिया में कहीं भी प्रचालन कर रहे हों।

व्यापार प्रतिबंध कानून आयात और निर्यात विनियमित करते हैं और कंपनी को कुछ खास देशों या खास व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के साथ व्यापार करने से रोक सकते हैं। किसी भी तीसरे पक्ष (विक्रेता, ग्राहक आदि) को शामिल करने से पहले, यह सुनिश्चित करने के लिये अमेरिकी सरकार द्वारा रखी जा रहीं "प्रतिबंधित पक्ष" की सूचियों में तीसरे पक्ष की जाँच की जानी चाहिए कि कंपनी सौदा करने के लिये स्वतंत्र है।

कंपनी को किसी उस विदेशी बहिष्कार में भाग लेने से रोका जाता है जिस पर अमेरिका द्वारा प्रतिबंध न लगाया गया हो और ऐसे बहिष्कारों के बारे में किसी अनुरोध की तुरंत जानकारी दिए जाने की अपेक्षा की जाती है। समुचित निपटान के लिये ऐसे किसी अनुरोध की रिपोर्ट वैश्विक कानूनी संगठन को तुरंत की जानी चाहिए।

कोलगेट में काम करने वाले लोग अंतरराष्ट्रीय व्यापार संबंधों पर कंपनी के दिशा-निर्देशों को पढ़कर अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जो कंपनी के वैश्विक व्यापारिक रीतियों संबंधी दिशा-निर्देश में उपलब्ध हैं।

हम डेटा निजता और डेटा संरक्षण कानूनों का पालन करते हैं

कोलगेट अपने कर्मचारियों, उपभोक्ताओं, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और उन अन्य तीसरे पक्षों की निजता का सम्मान करती है जिनके साथ कोलगेट का व्यापारिक संबंध है और इसलिए, हम निजी डेटा को जिम्मेदारी से और डेटा निजता तथा डेटा संरक्षण के सभी लागू कानूनों के अनुसार संभालते हैं।

कोलगेट के साथ अपने रोज़गार के हिस्से के रूप में, कर्मचारी रोज़गार संबंध के प्रशासन के लिए कुछ व्यक्तिगत डेटा कंपनी को दे सकते हैं, जैसे कि घर का पता और ई-मेल पता, और परिवार की जानकारी।

इसी प्रकार, हमारे उपभोक्ता कंपनी के साथ अपने संबंध के सिलसिले में नाम, घर का पता और ई-मेल पता जैसा निजी डेटा प्रदान कर सकते हैं।

कोलगेट के साथ व्यापारिक संबंधों के दौरान, ग्राहक, आपूर्तिकर्ता और अन्य तीसरे पक्ष कुछ निजी डेटा कंपनी को प्रदान कर सकते हैं जैसे नाम, टेलीफोन नंबर, फैक्स नंबर, स्थानीय पते, ईमेल पते और क्रेडिट कार्ड की जानकारी।

इन सारी जानकारियों के संबंध में, कोलगेट की नीति यह है कि:

- निजी डेटा एकत्र करने से पहले पर्याप्त नोटिस प्रदान किया जाए;
- जहाँ लागू कानून द्वारा अपेक्षित हो, वहाँ स्वैच्छिक सहमति प्राप्त की जाए;
- निजी डेटा को उसी कारण के लिये एकत्र, संसाधित, इस्तेमाल और बनाये रखा जाए जिसके लिये यह हमें प्रदान किया गया था जब तक कि हमारे पास अन्य उपयोगों के लिये कोई अन्य कानूनसम्मत आधार न हो और जितना यह हमारे रिकॉर्डकीपिंग प्रयोजनों के लिये आवश्यक हो;
- अनधिकृत खुलासे या इस्तेमाल को रोकने के लिये निजी डेटा की सुरक्षा हेतु सभी तर्कसंगत कदम उठाए जाएं; और
- सभी लागू निजता कानूनों का पालन किया जाए।

डेटा निजता और डेटा संरक्षण से संबंधित कानून अक्सर विकसित और संशोधित किए जाते हैं। हम डेटा निजता और डेटा संरक्षण कानून विकसित करने पर निगरानी करने के लिये प्रतिबद्ध हैं और समय-समय पर उनके आधार पर विशिष्ट नीतियाँ विकसित कर सकते हैं। कोलगेट में काम करने वाले लोग डेटा संरक्षण डेटा निजता पर कंपनी के दिशा-निर्देशों को पढ़कर अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जो कंपनी के वैश्विक व्यापारिक रीतियों संबंधी दिशा-निर्देश में उपलब्ध हैं।

हम रिकॉर्ड प्रतिधारण कानूनों का पालन करते हैं

दुनिया भर के अनेक कानूनों में अपेक्षा की गई है कि कोलगेट खास समयावधि के लिये कुछ खास प्रकार के रिकॉर्ड (भौतिक दस्तावेज़ों और इलेक्ट्रॉनिक डेटा सहित) बनाये रखे। इन अपेक्षाओं का पालन करने में विफल रहने से कंपनी को बड़े जुर्मानों और दंड का भागी होना पड़ सकता है। कोलगेट ऐसे रिकॉर्ड प्रबंधन कार्यक्रम के लिये प्रतिबद्ध है जो सभी लागू कानूनी और विनियामक अपेक्षाओं को पूरा करता हो, हमारे व्यापार की जानकारी प्रतिधारण जरूरतों को पूरा करता हो, और सुनिश्चित करता हो कि पुराने या अनावश्यक रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेज़ उचित प्रकार से त्याग दिए जाएं।

आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप किसी कानूनी कार्रवाई, जाँच या कार्यवाही में जैसा भी कानून द्वारा अपेक्षित हो, संगत और आवश्यक जानकारी या दस्तावेज़ों का खुलासा करें। किसी समन, अदालत के आदेश के प्राप्त होने पर या कंपनी की जानकारी या दस्तावेज़ के खुलासे संबंधी अन्य कानूनी प्रक्रिया के दौरान, आपसे कानून द्वारा अनुमति की सीमा तक, वैश्विक कानूनी संगठन को सूचित करने की अपेक्षा की जाती है।

ऐसे मामले में, आपको वैश्विक कानूनी संगठन द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पालन करना चाहिए और उन सभी रिकॉर्डों को रखना चाहिए जो रिकॉर्ड प्रतिधारण कार्यक्रम की अपेक्षाओं की परवाह न करते हुए, सम्मन, मुकदमे या जाँच के लिये संगत या प्रभावशील हों। आपको ऐसे रिकॉर्डों को नष्ट नहीं करना चाहिए या बदलना नहीं चाहिए क्योंकि रिकॉर्डों के अनुचित तरीके से नष्ट किए जाने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं जिसमें आपके और कंपनी- दोनों के लिये सिविल और/या आपराधिक जुर्माने और रोज़गार संबंधी परिणाम हो सकते हैं।

यदि आप जानना चाहते हैं कि कोई रिकॉर्ड किसी जाँच, मुकदमे, या समन से संबंधित है या नहीं, तो उस रिकॉर्ड के निपटान से पहले वैश्विक कानूनी संगठन से संपर्क करें। कोलगेट में काम करने वाले लोग “रिकॉर्ड प्रबंधन कार्यक्रम नीति” पढ़कर अतिरिक्त जानकारी हासिल कर सकते हैं।

हम राजनीतिक अंशदान नहीं करते

कंपनी के किसी भी धन या संपत्ति का किसी देश में, सरकार के किसी भी स्तर पर किसी राजनीतिक दल या उम्मीदवार को अंशदान देने के लिये इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। किसी राजनीतिक अंशदान में मौद्रिक और गैर-मौद्रिक - दोनों अंशदान शामिल होते हैं। गैर-मौद्रिक अंशदान में सामान्य कारोबारी घंटों के दौरान पैसा उगाहने वाले टिकट, उत्पादों का दान, कोलगेट में काम करने वाले लोगों द्वारा स्वयंसेवा और पैसा उगाहने के लिये या राजनीतिक प्रयोजनों के लिये कोलगेट के सुविधा केंद्रों का इस्तेमाल करना शामिल है। यदि अपेक्षित राजनीतिक अंशदान के बारे में आपका कोई प्रश्न है तो कृपया वैश्विक कानूनी संगठन से संपर्क करें।

कंपनी को राजनीतिक अंशदान के लिये, किसी भी रूप में, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, कोलगेट के किसी व्यक्ति या कंपनी के साथ सम्बद्ध व्यक्ति (समर्थन जुटाने वाले या अन्य तीसरे पक्षों सहित) को मुआवजा देने या प्रतिपूर्ति करने की मनाही है।

व्यक्तिगत तौर पर कोलगेट में काम करने वाले लोग अपनी पसंद के उम्मीदवारों या दलों के लिये व्यक्तिगत योगदान देने के लिये स्वतंत्र हैं। व्यक्तिगत अंशदान व्यक्ति की जिम्मेदारी और भार है और यह कभी भी कोलगेट या इसकी प्रचालन कंपनियों में से किसी को किसी भी तरह की सहायता पहुँचाने के मकसद से नहीं किया जाना चाहिए।

अधिकांश बहुराष्ट्रीय कंपनियों की तरह, कोलगेट बहुत से व्यापारिक और उद्योग संगठनों से संबंध रखती है और वार्षिक देय राशि का भुगतान करती है। यह सुनिश्चित करने के लिये कि ये व्यापारिक संघ कोलगेट द्वारा भुगतान की गई देय राशि के किसी हिस्से का उपयोग राजनीतिक अंशदान के लिये न करें, कोलगेट का मुख्य नैतिक और अनुपालन अधिकारी प्रतिवर्ष अमेरिका के उन सभी व्यापारिक संघों को अनुस्मारक भेजता है जिसमें कोलगेट भुगतान करने वाली सदस्य है और यह कोलगेट निधि से थ्रेशहोल्ड (threshold) राशि प्राप्त करने वाले सभी व्यापार संघों से वार्षिक प्रमाणन प्रक्रिया में भाग लेने की अपेक्षा करती है। अतिरिक्त जानकारी के लिये, कृपया हमारी **राजनीतिक अंशदान नीति** पढ़ें जो colgatepalmolive.com के “संचालन” खंड में उपलब्ध है।

समाज के साथ हमारा संबंध

कंपनी वैश्विक समुदाय में योगदान देने वाला सदस्य होने का प्रयास करती है।

कोलगेट में, हम मुँह के स्वास्थ्य, निजी देखभाल, घर की देखभाल और पालतू पशु पक्षियों के पोषण के क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल करते हैं ताकि दुनिया भर में समुदायों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा मिल सके और ऐसे ही लक्ष्यों, टीमकार्य, सम्मान और नैतिक व्यवहार के लिये धर्मार्थ संगठनों को सहयोग दिया जा सके।

हम स्थानीय दान और स्वयंसेवा में भाग लेते हैं

दुनिया भर में, यह हमारा उद्देश्य स्थानीय समुदाय के विकास और कल्याण को बढ़ावा देने के लिये परियोजनाओं में भाग लेना है ऐसी परियोजनाओं में ये शामिल हैं - धर्मार्थ कार्यों में भाग लेना और राष्ट्रीय आपदा के समय गरीब, घायल, और बेघर लोगों की सहायता की ज़िम्मेदारी लेना।

ध्यान दिए जाने वाले हमारे प्रमुख क्षेत्रों में से एक क्षेत्र युवा लोग, विशेष रूप से उनकी मौखिक स्वास्थ्य शिक्षा है। कोलगेट का मानना है कि बच्चों में आज किए गए निवेश का हम सबको भविष्य में फायदा देगा। यही कारण है कि कंपनी दुनिया भर में शिक्षा कार्यक्रमों, परामर्श देने की पहलों, स्कॉलरशिप कार्यक्रमों, खेलकूद प्रतियोगिताओं और अन्य युवा गतिविधियों को प्रायोजित करती है। ये प्रयास युवाओं में प्रतिस्पर्धा और उपलब्धि की भावना को बढ़ावा देते हैं।

कंपनी अपने लोगों को उनके काम के समय के बाद अपनी पसंद की स्थानीय धर्मार्थ गतिविधियों में भाग लेने के लिये भी प्रोत्साहित करती है। हमारा चमकती मुस्कान चमकता भविष्य (Bright Smile Bright Future) कार्यक्रम कोलगेट को उन समुदायों में महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ने में सक्षम बनाता है जिनमें हम रहते और काम करते हैं।

हम सरकारों के साथ उन मुद्दों पर काम करते हैं जो हमारे व्यापार को प्रभावित करते हैं

हमारी कंपनी 200 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में व्यापार करती है। यह हमारी नीति है कि स्थानीय और राष्ट्रीय सरकारों के साथ सहयोगात्मक रूप से काम किया जाए। समय - समय पर, ऐसे मुद्दे पैदा हो सकते हैं जो हमारे कार्यों को प्रभावित कर सकते हैं। ध्यानपूर्वक विचार करने के बाद, कंपनी उन विशेष मुद्दों पर अपने व्यापारिक लक्ष्यों और जरूरतों की सहायता के लिये सरकार को अपनी राय और सिफारिशें दे सकती है। तथापि, ऐसा कभी भी आपके प्रबंधक और वैश्विक कानूनी संगठन से पहले परामर्श किए बगैर नहीं होना चाहिए।

हम शोषण करने वाली, अमानवीय श्रम प्रथाओं का विरोध करते हैं

कोलगेट बाल श्रम के अवैध उपयोग, मानव शोषण और श्रमिकों के प्रति अस्वीकार्य व्यवहार के सभी अन्य रूपों का विरोध करती है।

इसके अलावा, कोलगेट की यह नीति है कि यह किसी ऐसे आपूर्तिकर्ता या ठेकेदार के साथ काम नहीं करेगी जिसके बारे में ज्ञात हो कि वह निम्नलिखित सहित अमानवीय श्रमिक पद्धतियों का उपयोग करता है:

- शोषण
- शारीरिक दंड
- दुर्व्यवहार
- अस्वैच्छिक दासता या
- दुर्व्यवहार के अन्य रूप

कोलगेट अन्य श्रम कानूनों के उल्लंघन की अनदेखी भी नहीं करती और यदि कंपनी को किसी उल्लंघन का पता चलता है तो इसे व्यापार संबंध समाप्त करने का आधार माना जाता है।

हम सार्वभौमिक मानवाधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं

कोलगेट की दुनिया भर में मानवाधिकारों और श्रम अधिकारों का सम्मान करने के प्रति चिरकालिक प्रतिबद्धता है और यह संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार सार्वभौमिक घोषणापत्र का समर्थन करती है और यह वैश्विक सुलिवन सिद्धांतों की एक संस्थापक सदस्य थी। कोलगेट ने बलात् श्रम पर उपभोक्ता वस्तु मंच के संकल्प के संबंध में भी प्रतिबद्धता व्यक्त की है और इसके प्राथमिकता उद्योग सिद्धांतों को अपनाया है। इन प्रतिबद्धताओं को व्यक्त करते हुए, कोलगेट इन्हें सम्पन्न करती है और ऐसे व्यापारिक भागीदारों के साथ काम करना चाहती है, जो निम्नलिखित मानकों को बढ़ावा देते हों:

- प्रजाति, रंग, धर्म, लिंग, लैंगिक पहचान, राष्ट्रीय मूल, नागरिकता, जातीयता, आयु, यौन-रुझान, विकलांगता, वैवाहिक या परिवार की स्थिति, पूर्व सैनिक स्थिति या कानून द्वारा संरक्षित किसी अन्य विशेषता पर ध्यान दिए बिना सभी स्तरों पर सभी कर्मचारियों के लिये समान अवसर;
- मानव कल्याण और पर्यावरण की सुरक्षा को बढ़ावा देने वाला सुरक्षित और स्वास्थ्यकर कार्यस्थल;
- ऐसे पारिश्रमिक जो सभी लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करते हों;
- कानूनी रूप से अनिवार्य कार्य समय का पालन और स्थानीय कानूनों के अनुसार ओवरटाइम के घंटों के लिए क्षतिपूर्ति;
- कर्मचारियों की कानून-सम्मत संघ की आजादी का सम्मान और संगठित होने तथा सामूहिक रूप से सौदेबाजी करने के सभी कानूनी अधिकारों को मान्यता;
- ऐसी भर्ती, नियुक्ति और रोज़गार प्रक्रिया जिसमें कर्मचारियों से किसी भी एजेंसी, भर्तीकर्ता या ब्रोकर सहित किसी को किसी भी फीस या जमाराशि (मौद्रिक या अन्यथा) का भुगतान करना अपेक्षित नहीं होता;
- ऐसी भर्ती, नियुक्ति और रोज़गार प्रक्रिया जिसमें जब तक कानून द्वारा अपेक्षित न हो, तब तक कर्मचारियों से मूल पहचान दस्तावेज़ों, यात्रा दस्तावेज़ों या किन्हीं अन्य निजी दस्तावेज़ों या मूल्यवान वस्तुओं को सौंपने, या आवाजाही की अपनी स्वतंत्रता को अन्यथा सीमित करने की अपेक्षा नहीं की जाती;
- रोज़गार संबंध स्थापित और समाप्त करने के लिए कर्मचारी की मुक्त और सूचित सहमति पर आधारित रोज़गार; और
- अनुबंध की शर्तों के अनुरूप या कानून की अपेक्षा के अनुसार पूरे रोज़गार संबंध और रोज़गार की समाप्ति पर पारिश्रमिक का भुगतान।

पर्यावरण के साथ हमारा संबंध

कोलगेट के लिये एक स्वच्छ, स्वस्थ वातावरण महत्वपूर्ण है केवल इसलिए नहीं कि ऐसा करना सही है, बल्कि इसलिए भी कि इससे अच्छी व्यवसाय भावना पैदा होती है। हम पृथ्वी के सीमित संसाधनों को बचाने में मदद करने और आने वाली पीढ़ियों तक हमारे ग्रह के लोगों का कल्याण करने के लिये अपने हिस्से का काम करने के लिये प्रतिबद्ध हैं।

हम स्थिरता और सामाजिक जिम्मेदारी के लिये प्रतिबद्ध हैं

कोलगेट में, हम स्थिरता पर वही खास ध्यान देते हैं जो हम अपने व्यवसाय के प्रत्येक पहलू पर लागू करते हैं। कोलगेट ने स्थिरता के सिद्धांतों और देखभाल, वैश्विक टीमवर्क और निरंतर सुधार - की अपने बुनियादी मान्यताओं का हमेशा समर्थन किया है जो हमारे स्थिरता के प्रयासों का मार्गदर्शन करती हैं। हमारा ध्यान लगातार लोगों, कार्य-निष्पादन और इस धरती पर है।

कोलगेट में काम करने वाले लोगों और उनके परिवारों के बेहतर रहन-सहन में सहायता करना

उन समुदायों के लिए योगदान करना जहाँ हम रहते हैं और काम करते हैं

ऐसे ब्रांड जो उपभोक्ताओं को आनंदित करते हैं और हमारे विश्व को बनाए रखते हैं

जल की प्रत्येक बूँद का महत्व समझना

जलवायु और पर्यावरण पर हमारे प्रभाव को कम करना

इसके अलावा, हम यह सुनिश्चित करते हुए वैश्विक संपोषणीयता के अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिये प्रतिबद्ध हैं कि कोलगेट के व्यापार का लगातार और जिम्मेदारी-पूर्ण विकास हो और भविष्य में आने वाली पीढ़ियों के कल्याण को बढ़ावा देते हुए, उन लोगों को लाभ पहुँचे जिनकी हम सेवा करते हैं, जिनमें दुनिया भर के हमारे कर्मचारी, हमारे हितधारक, हमारे उपभोक्ता, हमारे ग्राहक और अन्य हितधारक शामिल हैं।

पिछले कुछ वर्षों में, स्थिरता और सामाजिक ज़िम्मेदारी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में वृद्धि हुई है, क्योंकि हमने व्यापार के संचालन में इन पहलों को एकीकृत किया है। इस एकीकृत पद्धति ने हमारी स्थिरता और सामाजिक ज़िम्मेदारी की पहलों और हमारे व्यापार प्रदर्शन को मज़बूत किया है, सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को भर्ती करने और उसे बनाये रखने में सहायता की है, हमारे हितधारकों के साथ हमारे संबंधों को बढ़ाने, और नवाचार के लिये नये अवसरों की पेशकश की है। शायद सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस प्रतिबद्धता ने दुनिया भर में कोलगेट में काम करने वाले लोगों को उत्साहित और संलग्न किया है।

कंपनी के स्थिरता कार्यक्रम और पहलों के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिये, कृपया इसे देखें: **स्थिरता: दुनिया को मुस्कुराने की वजह देना**।

हम इस ग्रह की सुरक्षा और रक्षा करते हैं

कंपनी धरती के सीमित संसाधनों की रक्षा करने और रक्षा करने में मदद करने में अपने हिस्से का काम करने के लिये प्रतिबद्ध है। धरती से जुड़ी हमारी प्रतिबद्धताएं हमारे ऊर्जा के उपयोग, कार्बन उत्सर्जन, पानी के उपयोग और कचरे की रिसाइकलिंग और निपटान तक फैली हैं। इसलिए, हमें लागू पर्यावरणीय कानूनों और विनियमों और उनके द्वारा प्रस्तुत की गयी सार्वजनिक नीतियों की मूल भावना का कड़ाई से पालन करना चाहिए।

हम जनता के साथ खुले संवाद को बढ़ावा देते हैं और जिन समुदायों में हम प्रचालन करते हैं, उसके साथ सक्रिय और उत्पादक भागीदारी बनाये रखते हैं। हम पर्यावरण संबंधी अपनी कार्यनीतियों और कार्यक्रमों संबंधी जानकारी उपभोक्ताओं के साथ साझा करना जारी रखेंगे और उन समुदाय नेताओं और अन्य लोगों के साथ काम करना जारी रखेंगे जो हमारी प्रतिबद्धता साझा करते हैं।

हमारे पर्यावरणीय दुष्प्रभावों को कम करने वाली हमारी सतत रणनीति उत्पादन, पैकेजिंग, वितरण, और हमारे उत्पादों के विपणन का एक अभिन्न अंग रहेगी।

हमारे शेयरधारकों के साथ हमारा संबंध

हम अपने शेयरधारकों का हित बेहतर ढंग से साधने का प्रयास करते हैं और शेयरधारकों के महत्व का निर्माण करने में सहायता करते हैं।

हम अच्छा कॉर्पोरेट गवर्नेंस बनाये रखते हैं

कंपनी की कॉर्पोरेट प्रशासन नीतियाँ और कार्यक्रम, जिसका मुख्य घटक आचार संहिता है, शेयरधारकों की सुरक्षा के लिये महत्वपूर्ण हैं। हाल ही के कुछ वर्षों में कांग्रेस, यू.एस, सिक्योरिटीज़ एंड एक्सचेंज, न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज और दुनिया भर के अन्य नियामकों और अधिकारियों द्वारा नैतिक कॉर्पोरेट व्यवहार को बढ़ावा देने के लिये कई नियंत्रण और संतुलन किये गए हैं, जो कोलगेट में कई वर्षों से मानक पद्धति रही है। हमारे शेयरधारकों की स्वतंत्र बोर्ड द्वारा सेवा की जाती है जो बड़ी संख्या में अनेक स्वतंत्र निदेशकों और ऐसी स्वतंत्र समितियों से बना है जो लेखा-परीक्षा, मुआवजे और गवर्नेंस संबंधी मामलों की निगरानी करती हैं। निरंतर अद्यतन किये जाने वाले समिति चार्टर और संचालन दिशा-निर्देश स्पष्ट रूप से निदेशकों की भूमिका और ज़िम्मेदारियों और कंपनी कार्पोरेट प्रशासन के सिद्धांतों को परिभाषित करते हैं।

कंपनी के कॉर्पोरेट गवर्नेंस कार्यक्रम के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिये, कृपया **महत्वपूर्ण कॉर्पोरेट गवर्नेंस मुद्दों पर बोर्ड के दिशा-निर्देश** और कंपनी की लेखा-परीक्षा समिति, नामांकन और कॉर्पोरेट गवर्नेंस समिति, कार्मिक और संगठन समिति और वित्त समिति के चार्टरों को देखें।

हम निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के लिये सुदृढ़ लेखा-परीक्षा कार्यक्रम बनाये रखते हैं

कंपनी अपनी वित्तीय रिपोर्टों की गुणवत्ता, अखंडता और पारदर्शिता के लिये प्रतिबद्ध है। यह प्रतिबद्धता कंपनी की दीर्घकालिक नीतियों और प्रक्रियाओं में दिखाई देती है, जिसमें दुनिया भर में वित्तीय नियंत्रण की निगरानी करने वाला आंतरिक लेखा परीक्षा समूह, व्यापक आदेश रखने वाले स्वतंत्र लेखा परीक्षक, और इन क्षेत्रों का निरीक्षण करने वाली एक स्वतंत्र लेखा परीक्षा समिति शामिल हैं। इन संसाधनों के प्रभाव को बढ़ाने के लिये, कोलगेट के लोगों से खुले और ईमानदार संप्रेषण और आंतरिक और बाहरी लेखा परीक्षकों और लेखा परीक्षा समिति के साथ जानकारी के खुले आदान-प्रदान की उम्मीद की जाती है।

कंपनी के आंतरिक लेखा-परीक्षकों, स्वतंत्र लेखा-परीक्षकों और लेखा-परीक्षा समिति की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिये, कृपया **लेखा-परीक्षा समिति चार्टर** देखें।

हम शेयरधारकों को कंपनी की प्रगति के बारे में जानकारी देते रहते हैं

प्रत्येक वर्ष शेयरधारक कंपनी की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिये आमंत्रित किए जाते हैं जिसमें पिछले वर्ष के दौरान कंपनी की प्रगति की समीक्षा की जाती है और शेयरधारकों के पास कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन से प्रश्न पूछने का अवसर होता है। बीच के महीनों में, शेयरधारक कंपनी की वेबसाइट पर **निवेशक केंद्र** खंड पर जा सकते हैं।

अनुपालन के लिये हमारी जिम्मेदारी

लिखित आचार संहिता रखना ही पर्याप्त नहीं होता - आचरण के मानकों को बनाये रखना कोलगेट में काम करने वाले सभी लोगों की जिम्मेदारी है और हमारे निजी आचरण में हमारे उच्च नैतिक मानकों के प्रति प्रतिबद्धता झलकनी चाहिए।

स्पष्ट संचार आवश्यक हैं

हममें से प्रत्येक व्यक्ति, सभी लागू कानूनों और विनियमों, और वैश्विक व्यापारिक रीतियों संबंधी दिशा-निर्देश में निहित दिशा-निर्देशों और हमारी कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों, प्रचालन इकाइयों और प्रभागों द्वारा तैयार अन्य नीतियों, प्रक्रियाओं और दिशा-निर्देशों में कंपनी के नैतिक आचरण के मानकों के अनुपालन के लिये जवाबदेह है।

प्रबंधकों की यह ज़िम्मेदारी है कि वे अपने साथ काम करने वाले कोलगेट के लोगों को इन मानकों के बारे में सूचित करें, यह सुनिश्चित करें कि वे एक ऐसा वातावरण बनाएं जिसमें लोग नैतिक और कानूनी मामलों के बारे में खुलकर चर्चा कर सकें।

यदि आपको मार्गदर्शन या सहयोग की जरूरत है, तो हमारे पास सहायता करने के लिये आंतरिक संसाधन हैं

संहिता सभी प्रश्नों के निर्णायक उत्तर प्रदान नहीं कर सकती। इसके लिये कंपनी के उच्च मानकों का पालन करने के लिये हमें अंततः प्रत्येक व्यक्ति के उचित विवेक पर भरोसा करना होगा जिसमें यह भी शामिल है कि उचित कार्य के लिये मार्गदर्शन की तलाश करना कब उचित है। यदि आपके प्रश्न हैं या यदि आपको किसी विशेष स्थिति में कार्रवाई करने के तरीके के बारे में कोई संदेह है, तो कृपया नीचे किए गए उल्लेख के अनुसार मार्गदर्शन प्राप्त करें।

यदि मुझे सहायता की जरूरत है, तो मैं कहाँ जाऊं?

आपका प्रबंधक

सरोकारों के बारे में चर्चा करने के लिये या यदि आपके प्रश्न हैं, तो अपने प्रबंधक या अपने संगठन की नेतृत्व टीम के किसी सदस्य से बात करें।

मानव संसाधन

आपका स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि सलाह और परामर्श के लिये एक अन्य महत्वपूर्ण संसाधन है।

कानूनी विभाग

अनुपालन संबंधी किसी प्रश्न के लिये या कानूनों, विनियमों या नीतियों की व्याख्या के लिये सलाह/सहायता प्राप्त करने के लिए वैश्विक कानूनी संगठन के किसी सदस्य से संपर्क करें।

आचार-नीति और अनुपालन

प्रश्न पूछने, किसी विशिष्ट स्थिति में संहिता कैसे लागू होती है, इस बारे में मार्गदर्शन हासिल करने या किसी संभावित दुराचरण के बारे में “बात करें” के संबंध में आचार-नीति और अनुपालन से संपर्क करें।

आवाज़ उठाएं

हम सरोकारों की रिपोर्ट करने के लिये "आवाज़ उठाना हैं"

यदि आपको इस संहिता, व्यावसायिक व्यवहार दिशा-निर्देशों या कंपनी की अन्य नीतियों के उल्लंघन की जानकारी है या उस पर संदेह करने का उचित कारण है, तो आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उस जानकारी के बारे में तुरंत अपने प्रबंधक, मानव संसाधन, वैश्विक आचार-नीति और अनुपालन या वैश्विक कानूनी संगठन को बताएं। वैकल्पिक रूप से, आप बदला लिए जाने के डर के बिना प्रबंधन के उच्चतर स्तरों तक जाने के लिये स्वतंत्र हैं।

ईमेल

ethics@colpal.com

वेब टूल

वॉइसमेल

(800) 778-6080
(अमेरिका, कनाडा और प्युअर्टो रिको से निःशुल्क)
+1 (212) 310-2330
(अन्य सभी स्थानों से कलेक्ट)

डाक

Global Ethics & Compliance
Colgate-Palmolive Company
300 Park Ave,
New York, NY 10022

मोबाइल ऐप

CP ऐप स्टोर से डाउनलोड के लिए उपलब्ध

फैक्स

+1 (212) 310-3745

मैं कैसे आश्वस्त हो सकता हूँ कि मेरे खिलाफ कोई नकारात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी?

बदला न लिए जाने संबंधी नीति

उच्चतम नैतिक मानक बनाये रखना और अनुचित या गैरकानूनी व्यवहार से मुक्त ऐसे कार्यस्थल का सृजन करना कोलगेट की नीति और रीति है जिसमें लोगों को अपने सरोकारों को बदले की कार्रवाई के भय के बिना कंपनी के साथ साझा करने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है। परिणामस्वरूप, कोलगेट में, कंपनी की आचार संहिता, कंपनी की नीति या लागू कानून के संदिग्ध उल्लंघन की शिकायत करने वाले, रिपोर्ट करने वाले, उसमें भाग लेने वाले या सहयोग करने वाले किसी कर्मचारी, पूर्व कर्मचारी, एजेंट या तृतीय पक्ष के प्रति तब तक कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाएगी जब तक यह न पाया जाए कि लगाया गया आरोप या प्रदान की गई जानकारी जान-बूझकर गलत दी गई थी या सद्भावना से नहीं दी गई थी। अधिकतम संभव सीमा तक, कोलगेट द्वारा सभी शिकायतों की गोपनीयता बनाये रखी जाएगी। प्रतिशोध की सभी शिकायतों की जाँच की जाएगी, और यदि उचित होगा, तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें नौकरी से बर्खास्तगी तक शामिल हो सकती है।

वैश्विक आचारनीति और अनुपालन को प्रदान की गई सारी जानकारी की समीक्षा की जाती है और यदि यह इस संहिता से संबंधित होती है, तो मामले की वैश्विक आचार-नीति और अनुपालन और/या वैश्विक कानूनी संगठन द्वारा तुरंत और पूरी तरह से जाँच की जाती है। यह आवश्यक है कि रिपोर्ट करने वाले व्यक्तियों द्वारा स्वयं जाँच न की जाए, क्योंकि जाँच में जटिल कानूनी मुद्दे शामिल हो सकते हैं। स्वयं कार्रवाई करने से जाँच की सत्यनिष्ठा से समझौता हो सकता है और यह आपको और कोलगेट को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकता है।

जहाँ स्थानीय कानून अनुमति दे वहां रिपोर्टें गुमनाम रूप से की जा सकती। लेकिन, हम आपको प्रोत्साहित करते हैं कि जब जाँच और अनुवर्ती कार्रवाई में सुविधा प्रदान करने में मदद के लिये आप हमें कॉल करते हैं तो स्वयं की पहचान बताएं। कुछ देशों में ऐसे कानून हैं जो आपके द्वारा सूचित की जा सकने वाली जानकारी को प्रतिबंधित करते हैं। यदि ये कानून आपकी स्थिति पर लागू होते हैं, तो वैश्विक आचारनीति और अनुपालन प्रतिनिधि आपको आपकी व्यापारिक इकाई के किसी ऐसे व्यक्ति के पास भेजेगा जो आपको आपके प्रश्न या चिंता के बारे में आपकी सहायता कर सके।

तथापि, ध्यान रखें कि यदि आप स्वयं की पहचान बताना चाहते हैं तो कंपनी व्यक्ति विशेष की पहचान और भेजी गई जानकारी को गोपनीय बनाये रखने के लिये हरसंभव कदम उठाएगी और जानने की आवश्यकता के आधार पर ही जानकारी का खुलासा तब करेगी जब खुलासा करना:

- प्रभावी जाँच करने और समुचित कार्रवाई करने के लिये आवश्यक हो; या
- लागू कानून द्वारा अन्यथा अपेक्षित हो।

रिपोर्ट या शिकायत में निजी डेटा शामिल हो सकता है। उल्लंघन या संदिग्ध उल्लंघन के प्रयोजन से, स्थानीय कानून के तहत यह जरूरी हो सकता है कि एकत्र किए गए निजी डेटा को अमेरिका सहित एक देश से दूसरे देश में स्थानांतरित करना पड़े। ऐसे मामलों में, निजी डेटा का इस्तेमाल कंपनी के कर्मचारियों और कोलगेट की उन संस्थाओं द्वारा किया जा सकता है, जो रिपोर्ट की जाँच करने के लिए वैश्विक आचारनीति और अनुपालन विभाग के प्रचालनों में शामिल होती हैं, लेकिन केवल उतनी अवधि के लिये जितनी इस उद्देश्य के लिये यथोचित रूप से आवश्यक है (और उसके बाद इस तरह के निजी डेटा को नष्ट कर दिया जायेगा या केवल कंपनी की नीति या कानून की अपेक्षा के अनुसार बनाये रखा जाएगा)।

जब कोलगेट में काम करने वाले लोग वैश्विक आचारनीति और अनुपालन के समक्ष आवाज़ उठाते हैं , तब क्या होता है?



उन सरोकारों के उदाहरण जो सामान्यतया वैश्विक आचारनीति और अनुपालन को सूचित नहीं किए जाने चाहिए:

- बोनस प्लान या बोनस भुगतान
- वेतनपंजी संबंधी मुद्दे
- छुट्टियाँ या अवकाश का समय
- वैयक्तिक उद्देश्य
- कार्य अनुसूची या पाली परिवर्तन
- उपस्थिति
- चिकित्सा या विकलांगता लाभ

इस प्रकार के सरोकार विशिष्ट रूप से मानव संसाधन के ध्यान में लाए जाने चाहिए।

अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है

कोई भी ऐसा आचरण जो कंपनी की व्यावसायिक व्यवहार दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करता है, उसके लिये कंपनी की "शून्य सहनशीलता" की नीति है।

इसका अर्थ यह है कि किसी उल्लंघन के सत्यापित हो जाने पर, उल्लंघन की प्रकृति और व्यापकता के अनुरूप उचित कार्रवाई की जाएगी।

की जा सकने वाली कार्रवाइयों के उदाहरणों में निम्नलिखित सम्मिलित हैं:

- प्रक्रिया सुधार
- नीति विकास या संशोधन
- संचार कार्यनीति
- कोच या परामर्शदाता प्रदान किया जाना
- अनुशासनिक कार्रवाई
- रोज़गार की समाप्ति

किसी व्यक्ति या कंपनी के किसी प्रबंधक को ऐसे आचरण में शामिल होने का अधिकार नहीं है जो इस संहिता का पालन न करता हो, या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ऐसा आचरण किए जाने को अधिकृत, निर्देशित, स्वीकृत या उसकी अनदेखी करता हो। वैसे, कंपनी का इरादा किसी भी ऐसे आचरण को रोकना है, जो संहिता या व्यापारिक आचरण के दिशा निर्देशों का पालन नहीं करता और ऐसे किसी आचरण पर विराम लगाना है, जिसके पता लगने के बाद इसके घटित होने की काफी हद तक संभावना हो सकती है। कोलगेट के लोग जो संहिता या व्यापारिक आचरण दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करते, वे अनुशासनात्मक कार्रवाई के अधीन हो सकते हैं, जिसमें स्थानीय कानून के अंतर्गत, नौकरी की बर्खास्तगी भी शामिल हो सकती है।

यह संहिता कोलगेट के सभी लोगों और गतिविधियों पर लागू होती है

आचार संहिता और व्यापारिक रीति दिशा-निर्देशों के अनुपालन की वैश्विक आचार-नीति और अनुपालन विभाग द्वारा निगरानी की जाएगी। यह विभाग आचार संहिता और इससे संबंधित कार्यक्रमों की स्थापना, कार्यान्वयन और लागू करने के बारे में मुख्य कार्यकारी अधिकारी/बोर्ड के अध्यक्ष और कोलगेट के निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष को रिपोर्ट करता है।

वैश्विक आचार-नीति और अनुपालन विभाग को दी गई जानकारी या अन्य साधनों के माध्यम से दी गई जानकारी, जैसा भी उचित हो, को गोपनीय आधार पर लेखा-परीक्षा समिति को भेजा जाता है।

यह संहिता कोलगेट-पामोलिव कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों में, अधिकारियों सहित, काम करने वाले सभी लोगों पर लागू होती है। संहिता की प्रतियाँ हमारी आंतरिक इंट्रानेट साइट और हमारी बाहरी बेवसाइट - दोनों पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं। विश्व भर में कोलगेट में काम करने वाले लोग वार्षिक आधार पर आचार संहिता के प्रशिक्षण और प्रमाणीकरण में भाग लेकर कंपनी के नैतिक मानकों के साथ अनुपालन के लिये अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हैं।

क्या आपका कोई प्रश्न है? आइए हम आपको सही दिशा में इंगित करें।

उपहार देने या प्राप्त करने के संबंध में कंपनी के दिशानिर्देश क्या हैं?

मैं बदला लिए जाने के बारे में चिंतित हूँ। कंपनी की नीति क्या है?

कोलगेट में काम करने वाले लोगों द्वारा सोशल मीडिया के उपयोग के संबंध में कंपनी की अपेक्षाएं क्या हैं?

लोक प्रबंधक के रूप में, मैं कैसे नैतिक नेतृत्व प्रदर्शित करूँ?

उत्पीड़न के संबंध में कंपनी की नीति क्या है?

यदि मुझे "आवाज़ उठाने" की आवश्यकता हो, तो मुझे कौन से विकल्प उपलब्ध हैं?

क्या मेरे लिए कोलगेट से बाहर कोई दूसरा रोज़गार करना सही है?

मालिकाना जानकारी क्या है?

COLGATE-PALMOLIVE *COMPANY*

300 Park Avenue
New York, NY 10022
212-310-2000
www.colgatepalmolive.com